जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

हिण्डौन सिटी

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

हिण्डौन सिटी, शुक्रवार 18 अक्टूबर, 2024



## विचार बिन्दु

अविश्वास आदमी की प्रवृत्ति को जितना बिगाड़ता है, विश्वास उतना ही बनाता है। –धर्मवीर भारती

# 'बंटोगे तो कटोगे'

मोदी और योगी ये दो नाम हैं जो भारतीय राजनीति में सबसे अधिक परिचित व चर्चित नाम हैं। मोदी की देश व विदेश सभी जगह अपनी विशिष्ट पहिचान है जबकि योगी का दायरा सीमित है। दोनों ही कर्मठ कार्यकर्ता और प्रखर वक्ता हैं। दोनों की मेमोरी अद्भुत है। दोनों ही भारत माता के लाल हैं। दोनों का परिवार सम्पूर्ण देश है। दोनों की भाषण शैली श्रोताओं के मन को छू लेती है। फिर भी कुछ ऐसे विषय हैं जहां मोदी मोदी हैं और योगी योगी। एक भारत का प्रधानमंत्री है और दूसरा देश के एक बड़े राज्य का मुख्यमंत्री है।

उत्तरप्रदेश के राज्य के चुनावों में योगी ने जो जीत प्राप्त की और राज्य का शासन संचालित किया वह इतिहास का प्रश्न है राज्य को भ्रष्टाचार मुक्त शासन देने का प्रयत्न किया तथा राज्य के लॉ एण्ड आर्डर को चुस्त बनाया। उत्तरप्रदेश में दंगे बहुधा होते रहते थे, योगी के कुशल शासन में वे बंद से हो गये। गुण्डे तडीपाड कर दिये, इन कारणों से राज्य का शासन अन्य राज्यों की अपेक्षा अधिक अच्छा हो गया। गुण्डे, अराजकतावादी, आदि लोग योगी के नाम से ही कांपने लगे। विधानसभा के चुनावों में अच्छी सफलता प्राप्त की उत्तरप्रदेश का अपना नाम हो गया। यह सच है कि जब व्यक्ति सफलता की सीढ़ी चढ़ने लगता है तो उसे गिराने वाले भी बहुत इकट्ठे हो जाते हैं। कहते हैं उसको अपनों ने ही योगी को धोखा दिया। फलस्वरूप संसद के चुनावों में नतीजा निराशाजनक आया। योगी व भाजपा के बडे नताओं ने परिश्रम किया और पुनः अपनी स्थिति बनाने में सफल होने जा रहे हैं। ऐसा प्रतीत हो रहा है।

राजनीति में सद्भावना का ग्राफ काफी नीचे जा रहा है। देश में केवल दो पार्टियां रह गई हैं। एक पार्टी है मोदी की या भाजपा और दूसरी पार्टी है इण्डिया ग्रुप की। जातिवाद का जहर राजनीति में फेल चुका है। भाजपा मानती है कांग्रेस केवल मुस्लिम मतदाताओं की पार्टी बन कर रह गई है। भाजपा की सोच रही है, कांग्रेस को हराना है तो मुस्लिम मतदाताओं में मत विभाजन करो। यूपी के चुनाव आमेठी का चुनाव अयोध्या के चुनाव स्पष्ट कर दिया कि भविष्य में चुनाव जीतना है तो मुस्लिम वोटों के विभाजन से कुछ नहीं होगा। इण्डिया गठबंधन से लड़ना है तो आपको हिन्दुओं के संगठन को टूटने से बचाना होगा। हिन्दू वोटों को बंटने से रोकना होगा। जातिवाद का चक्रव्यूह तोडना होगा। इससे भारतीय गंगा-यमुनी संस्कृति पर कोई विपरीत असर नहीं होगा। मुस्लिम बहुल क्षेत्र से शकुन परिहार की जीत इसका प्रमाण है।

हरियाणा का चुनाव आंखें खोलने वाला है। एग्जिट पोल के नतीजों के अनुसार भाजपा का नाम निशान ही कहीं जीतने वालों में नहीं दिखाई देता था; किन्तु नतीजों ने सबकी आंखें खोल दी। भाजपा अच्छी मेजोरिटी से जीत गई। इण्डिया अलायन्स हार गया। सारी भविष्य वाणियां झूठी साबित हुई। हरियाणा का रिजल्ट ऐसा आयेगा, कोई सोच ही नहीं सकता था।

राजनीति के जानने वाले रहस्य से पर्दा हटाने में लगे रहे, किन्तु रहस्य वे भी उजागर नहीं कर सके। भारतीय जनता पार्टी कैसे जीती, यह रहस्य उजागर है।

योगी ने चुनाव सभा में हिन्दू मतदाताओं को चेतावनी देते हुये कहा, 'बंटोगे तो कटोगे'। अर्थ था हिन्दू मतदाताओं का विभाजन रोको। यदि हिन्दुओं के वोटों का विभाजन नहीं हुआ तो जीत निश्चित है। योगी की वाणी 'बंटोगे तो कटोगे' मंत्र बन गई। इसी भाषा में आरएसएस के नेता भी बोलने लगे। इसी को मोदी ने दूसरे रूप में कहा। कांग्रेस की जातिवाद नीति का यह सही उत्तर है।

बंगलादेश में विद्रोह हुआ। सरकार का तख्ता पलट गया। नई सरकार ने हिन्दुओं की रक्षा के लिये कुछ नहीं किया। यों पाकिस्तान की तरह बंगलादेश में भी हिन्दू कभी सुरक्षित नहीं रहे। हिन्दू भारत के अतिरिक्त कहीं भी सुरक्षित नहीं हैं। जहां हिन्दू मुसलमानों के साथ है वहां वे सुरक्षित नहीं हैं। भारत, हिन्दुस्तान है, भारत का कर्त्तव्य है कि वह पडोसी देशों में जहां हिन्दू है उनकी रक्षा करे। मुसलमान सब जगह फैले हुये हैं वहां वे सुरक्षित हैं, क्योंकि मुसलमान चाहे वे कहीं भी रह रहे हैं, अन्य मुस्लिम बन्धु उसकी रक्षा को तैयार हैं। भारत में मुसलमानों को वे सब अधिकार प्राप्त हैं जो हिन्दुओं को हैं।

बंगलादेश भारत का पडोसी देश है अतः वहां हिन्दुओं की सुरक्षा, भारत की चिन्ता का विषय है। हिन्दू बंगलादेश में बंगाल के कट्टरपंथियों के निशाने पर हैं। हिन्दुओं के उत्पीडन की घटनायें सत्ता परिवर्तन के बाद बढ़ रही है। यह निर्विवाद तथ्य है कि धार्मिक कट्टरता लोकतंत्र के लिये बड़ा खतरा है। भारत का बंगलादेश की सरकार को समझाना होगा कि बंगलादेश का विकास भारत के साथ व्यापारिक संबंधों पर ही निर्भर है। भारत को कूटनीति से इस ज्ञान को बंगलादेश की सरकार को समझाना चाहिये। भारत में चुनाव सालभर देश में कहीं न कहीं होते रहते हैं और भारत के चुनावों में मुसलमानों की एक अहम् भूमिका रहती है। अतः योगी का महामंत्र 'बंटोगे तो कटोगे'। हरियाणा चुनाव में भाजपा का शंखनाद हो गया।

**योगी ने चुनाव सभा में हिन्दू मतदाताओं को चेतावनी देते हुये कहा, 'बंटोगे तो कटोगे'। अर्थ था हिन्दू मतदाताओं का विभाजन रोको। यदि हिन्दुओं के वोटों का विभाजन नहीं हुआ तो जीत निश्चित है। योगी की वाणी 'बंटोगे तो कटोगे' मंत्र बन गई। इसी भाषा में आरएसएस के नेता भी बोलने लगे। इसी को मोदी ने दूसरे रूप में कहा। कांग्रेस की जातिवाद नीति का यह सही उत्तर है।**

हरियाणा व जम्मू कश्मीर के चुनावों ने स्पष्ट कर दिया है कि कांग्रेस की अपनी स्वयं की कोई ताकत नहीं है। कश्मीर में कांग्रेस 6 सीटें केवल इसलिये जीत पाई कि मुस्लिम मतदाताओं का नेशनल कॉन्फ्रेन्स का साथ उन्हें मिला। इण्डिया गठबंधन भाजपा के विरूद्ध सभी अन्य राजनीतिक पार्टियों का एक समूह है। कांग्रेस की हरियाणा में हार का एक मात्र कारण था, उसने छोटे दलों से दूरियां बनाई। जम्मू कश्मीर के विधानसभा के चुनावों में कांग्रेस को नेशनल कॉन्फ्रेन्स और वामदलों के साथ गठबंधन में लडी 39 सीटें दी गई किन्तु वह केवल 6 सीटें जीत सकीं। जबकि नेशनल कॉन्फ्रेन्स अपने हिस्से की 55 में से 42 सीटें जीतने में सफल हुई। उमर अब्दुल्ला को संयुक्त रूप से लीडर चुना गया है। उनका मुख्यमंत्री बनना निश्चित है। आप (AAP) को एक सीट मिलने पर भी वह कह रही है हम सरकार बनायेंगे, किन्तु कांग्रेस 6 सीटों के बाद भी गठबंधन से दूर रहना चाहती है और अपनी पसन्द की सीटें लेना चाहती है जबकि एनसी उन्हें एक स्थान केबीनेट में देना चाहती है।

जम्मू कश्मीर में उमर अब्दुल्ला की सरकार बनेगी । उमर अब्दुल्ला के पास पर्याप्त नम्बर विधायक सरकार बनाने के हैं; किन्तु अभी तक यह स्पष्ट नहीं है, कांग्रेस सरकार बनाने वाले ग्रुपों में होगी या नहीं।

उमर अब्दुल्ला की सरकार बनेगी किन्तु क्या वह सरकार 370 अनुच्छेद को पुनः लागू करा पायेगी, यह कहना कठिन है। उमर अब्दुल्ला का कथन इस बाबत स्पष्ट नहीं है किन्तु वे समझ चुके हैं कि 370 वापिस लाना सम्भव नहीं है। भाजपा ने स्पष्ट किया है वह जम्मू कश्मीर के विकास के लिये उचित कदम उठायेंगे। केन्द्र सरकार साथ देगी।

राजस्थान, महाराष्ट्र व झारखण्ड में विधानसभा सीटों पर उपचुनाव की तारीखें घोषित हो चुकी हैं। बिहार में भी अगले साल विधानसभा के चुनाव होंगे।

चुनाव देश में होते रहते हैं, किन्तु अनुच्छेद 370 को हटाने के बाद जो जम्मू कश्मीर में चुनावों के समय वातावरण बना वह विचार का विषय है। नेशनल कॉन्फ्रेन्स के नेता भी जो 370 हटाने का विरोध कर रहे थे, वे भी मन में इस बात को जानते थे कि इसे वापिस लाना पुनःस्थापित करना सम्भव नहीं है। उमर अब्दुल्ला को सदन का नेता चुने जाने के बाद कई प्रकार से अपने स्टेण्ड को जनता को समझाने का बयान दिया; किन्तु उनकी भावना स्पष्ट थी कि 370 को पुनः स्थापित किया जाना संभव नहीं है। उमर तथा नेशनल कॉन्फ्रेन्स के नेता फारूक अब्दुल्ला ने माना कि चुनौतियों तो बहुत हैं, किन्तु एक बात निश्चित है उन्हें जम्मू कश्मीर की भलाई के लिये उसके विकास के लिये हिन्दुओं का विश्वास तो हासिल करना ही होगा। यद्यपि भारतीय जनता पार्टी विपक्ष की पार्टी है; किन्तु पक्ष व विपक्ष होने का लक्ष्य एक ही है, यानी जम्मू कश्मीर का विकास। जम्मू कश्मीर की सरकार आपसी सद्भाव व विश्वास के आधार पर ही चलेगी।

जम्मू कश्मीर में जनता ने अलगाववाद, आतंकवाद, परिवारवाद, पत्थरमार, सब कुछ सहन किया है और 370 हटाये जाने के बाद के जम्मू कश्मीर के विकास को देखा है, वहां टूरिस्ट की चाह देखी है, शान्ति देखी है, युवाओं की महत्वाकांक्षा को देखा है। वे रोजगार के अवसरों को देख रहे हैं। भाजपा के पास विधानसभा में एक ही कार्य है, जम्मू कश्मीर का विकास हो, राज्य को पूर्ण राज्य का दर्जा प्राप्त हो, युवाओं को शिक्षा प्राप्त हो रोजगार मिले, नौकरियां मिलें और कश्मीर विश्व का श्रेष्ठतम हिल स्टेशन बने। विधानसभा में भाजपा के पास तथा नेशनल कॉन्फ्रेन्स के पास लडने का एक ही विषय होगा, जिसे विकास कहते हैं। हिन्दुओं को अपने भाई मुसलमानों का और मुसलमानों का हिन्दुओं का विश्वास प्राप्त करना होगा। नेशनल कॉन्फ्रेन्स के चीफ का कथन है कि हमें हिन्दुओं का विश्वास जीतना होगा, यह स्पष्ट संकेत देता है कि सभी लोग जम्मू कश्मीर राज्य के विकास को देखना चाहते हैं।

जहां कांग्रेस बांटने की बात करती है नेशनल कॉन्फ्रेन्स व भाजपा आपसी भाईचारे से राज्य के विकास के सुनहरे सपने देख रहे हैं। समय दूर नहीं है, पूर्ण राज्य का दर्जा जम्मू कश्मीर को शीघ्र प्राप्त होगा। योगी की वाणी कारगर होगी 'न हम बटेंगे और न कटेंगे' हिन्दू मतदाता मिलकर वोट देंगे उनके वोट कटेंगे नहीं। जम्मू कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा मिलेगा। देश के अन्य राज्यों की अपेक्षा जम्मू कश्मीर भारत का अभिन्न अंग होकर सबसे अधिक विकसित राज्य होगा। यह वही स्थान होगा जिसे किसी समय धरती का स्वर्ग कहा जाता था।

–अतिथि सम्पादक,
पानाचन्द जैन
पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान हाई कोर्ट

# 'डिजिटल क्रांति से भारत में हुए बदलावों की विश्व समुदाय ने तारीफ की'

## अंतर-संसदीय संघ (आईपीयू) की 149वीं असैम्बली में लोकसभा स्पीकर ओम बिरला और शिष्टमंडल ने भारत का पक्ष रखा



जिनेवा में अंतर-संसदीय संघ की बैठक में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के नेतृत्व में भारतीय संसदीय शिष्टमंडल ने भाग लिया।

**■ एसेम्बली के दौरान लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने कई संसदों के पीठासीन अधिकारियों से मुलाकात की**

**जिनेवा/नई दिल्ली।** अंतर-संसदीय संघ (आईपीयू) की 149वीं बैठक गुरुवार को सम्पन्न हो गई। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के नेतृत्व में भारतीय संसदीय शिष्टमंडल ने एसेम्बली के साथ ही आईपीयू की स्थायी समितियों में सक्रिय रूप से भाग लिया और अन्य देशों के साथ परस्पर संबंधों को सुदृढ़ करने तथा संसदों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संपर्क और संवाद करने की पहल की।

स्पीकर ओम बिरला समापन दिवस पर आईपीयू की शासी परिषद की बैठक में शामिल हुए। बिरला ने कहा कि भारतीय शिष्टमंडल ने एसेम्बली के मुख्य विषय से जुड़े उन प्रमुख वैश्विक मुद्दों की ओर ध्यानाकर्षित किया, जिनमें भारत ने उल्लेखनीय प्रगति की है और सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा किया। इसके साथ ही भारत की वैश्विक प्रतिबद्धताओं को दोहराते हुए परस्पर सहयोग की नीतिगत चर्चा-संवाद में शामिल होकर योगदान दिया। संसदीय सहयोग के माध्यम से समावेशी विकास और शांति की स्थापना के लिए वैश्विक प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाने के लिए आईपीयू उपयोगी मंच है। डिजिटल क्रांति से भारत में हुए सामाजिक-आर्थिक बदलावों की विश्व समुदाय ने जमकर तारीफ की।

रिकॉर्ड के रखरखाव, संसद में हुई चर्चा और भाषणों के साथ ही अन्य जानकारी लोगों को उपलब्ध कराने और संसद को लोगों के करीब लाने में प्रौद्योगिकी और एआई के बेहतर उपयोग से सांसदों के लिए अपनी पसंद की भाषा में विचार व्यक्त करना संभव हुआ है जिससे संसद की जानकारी जन-जन तक पहुंची है। विश्व समुदाय ने भारत की हरित, तकनीक-संचालित और पेपरलेस संसद की सराहना की है। लगभग 100 से अधिक देशों के अध्यक्षों और सांसदों ने संसदीय प्रशिक्षण के लिए एक प्रमुख वैश्विक संस्थान के रूप में को स्वीकार किया है और उसकी सराहना की है। एसेम्बली के दौरान बिरला ने कई संसदों के पीठासीन अधिकारियों से मुलाकात की। इन मुलाकातों के दौरान अध्यक्ष ने प्रौद्योगिकी के उपयोग से डिजिटल इंडिया, स्टार्ट अप इंडिया, डीबीटी योजना आदि जैसी पहलों का उल्लेख करते हुए भारत में समावेशी और सतत विकास की उपलब्धियों के बारे में उन्हें बताया।

यात्रा के दौरान स्पीकर बिरला के साथ शिष्टमंडल में राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, सांसद भर्तृहरि महताब, अनुराग ठाकुर, राजीव शुक्ला, विष्णु दयालराम, अपराजिता सारंगी, डॉ. सस्मित पात्रा, ममता मोहंता व स्पीकर ओम बिरला के ओएसडी राजीव दत्ता शामिल रहे।

# "आदमखोर पैंथर को गोली मारो, तब शव लेंगे"

## मोर्चरी पर प्रदर्शनकारी परिजनों और ग्रामीणों से पुलिस और प्रशासन ने समझाइश की, इसके बाद ग्रामीणों ने शव लिया

**■ ग्रामीणों का कहना है कि आदमखोर पैंथर इतना खूंखार हो चुका है कि वह समूह में भी हमला कर रहा है, घर से बाहर निकलने में भी डर लग रहा हैं खेत पर फसल देखने कैसे जाएं**

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर शहर से नजदीक मदार बड़ा तालाब के पास आदमखोर पैंथर द्वारा खेत में फसल काट रही महिला को मारने के मामले में गुरूवार को आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने शव लेने से इनकार कर दिया। वन विभाग के प्रति आक्रोश जताते हुए परिजनों ने कहा पहले उसे आदमखोर पैंथर को पकड़कर गोली मारो, इसके बाद ही शव लेंगे। प्रदर्शनकारियों में महिलायें भी अधिक संख्या में शामिल थी। समझाइश के बाद मामला शांत हुआ।

आक्रोशित ग्रामीणों ने गुरुवार को मोर्चरी के बाहर सुबह से लेकर दोहपर एक बजे तक विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि भी मौके पर पहुंचे। पुलिस और प्रशासन की समझाइश और पैंथर को मारने का आश्वासन मिलने के बाद परिजन शांत हुए और पोस्टमार्टम के बाद शव लेने को तैयार हो गए।

ग्रामीण पीड़ित परिवार को 20 लाख रुपए का मुआवजा देने की मांग पर अड़ गए। माहौल गर्माता देख उदयपुर एसपी योगेश गोयल, ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा और डीएफओ अजय चित्तौड़ा मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों से समझाइश करने का प्रयास किया। इस दौरान डीएफओ ने वन विभाग की ओर से निर्धारित पांच लाख रुपए मुआवजा राशि देने की बात कही। वहीं एसपी और विधायक ने कहा कि बाकी मुआवजा राशि मुख्यमंत्री सहायता कोष से दिलावाने के लिए राज्य सरकार को पत्र लिखा जाएगा।

गौरतलब है कि बुधवार को आदमखोर पैंथर ने मदार बड़ा तालाब के पास खेत में फसल काट रही दो बुजुर्ग महिलाओं पर हमला किया था, इनमें से पैंथर ने एक महिला मांगीबाई के गले पर अटैक किया था जिससे उनके गले पर गहरा घाव हो गया था। बुधवार शाम करीब 7:30 बजे महिला ने एमबी हॉस्पिटल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया था। वहीं, दूसरी महिला केसीबाई के हाथ में घाव है उनका इलाज चल रहा है। आदमखोर पैंथर के रेड जोन एरिया में आने वाले गांवों के ग्रामीणों में दहशत है। ग्रामीणों का कहना है कि घर से बाहर निकलने में भी डर लग रहा हैं खेत पर फसल देखने कैसे जाएं। आदमखोर पैंथर इतना खूंखार हो चुका है कि वह समूह में भी हमला कर रहा है। आदमखोर पैंथर ने जब दोनों महिलाओं पर खेत में हमला किया उस समय वहां कुछ फीट की दूरी पर एक महिला का बेटा और बहू भी थे। उस वक्त खेत में चार लोग काम कर रहे थे।

# बीकानेर में डेंगू के एक ही दिन में फिर आए 36 केस

**बीकानेर, (निसं)।** पीबीएम हॉस्पिटल में एक बार फिर एक ही दिन में डेंगू के 36 रोगी रिपोर्ट हुए हैं। इन्हें मिलाकर इन आठ महीनों में डेंगू रोगियों का आंकड़ा 602 हो गया है, जबकि सीएमएचओ की रिपोर्ट में जिले के रोगियों की संख्या 505 है।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने जिलेभर में एंटी लार्वा गतिविधियों के लिए अभियान छेड़ रखा है, फिर भी मच्छरों की संख्या कम नहीं हो रही है। हर घर में कोई ना कोई वायरल बुखार या डेंगू से पीड़ित है। पीबीएम हॉस्पिटल में मेडिसिन विभाग के सभी वार्ड फुल हो गए हैं। एमसीएच बिल्डिंग में पहले 50 बेड लगाए थे, लेकिन मंगलवार को हुई 253 लोगों की जांच में 36 नए पॉजिटिव केस आने के बाद बेड की संख्या बढ़ाकर 65 कर दी गई है। विभाग में कुल सात यूनिट हैं। हर यूनिट का सात दिन के लिए ड्यूटी लगा दी गई है। उनके रेजिडेंट चौबीस घंटे एमसीएच में रहेंगे। इसके साथ ही आठ नर्सेज के अलावा नर्सिंग स्टूडेंट्स को भी लगाया गया है। एमसीएच में पानी की समस्या को देखते हुए दानदाता से कैंपर रखवाए गए हैं।

नोडल अधिकारी डॉ. पीडी तंवर ने बताया कि त्योहारी सीजन में लोग बीमार हो रहे हैं। लेकिन अच्छी बात ये है कि प्लेटलेट गिरने के बाद वापस ऊपर आ रही है। गंभीर मरीज भी ठीक होकर घर जा रहे हैं। गौरतलब है कि डेंगू के रोज 30 से 40 पॉजिटिव केस रिपोर्ट हो रहे हैं। इसे देखते हुए पीबीएम हॉस्पिटल में नेबूलाइजर आदि मशीनों की खरीद की भी तैयारी की जा रही है। मौसमी बीमारियों की रोकथाम को लेकर चिकित्सा विभाग की बैठक लेते हुए डॉ. चौधरी ने कहा है कि भ्रमण के दौरान पार्क जरूर चेक करें। पशुओं की खेळियां भी देखें। उन्होंने मलेरिया डेंगू रोकथाम को लेकर तकनीकी प्रशिक्षण भी दिया। सीएमएचओ डॉ. राजेश कुमार गुप्ता, डिप्टी सीएमएचओ स्वास्थ्य डॉ. लोकेश गुप्ता ने नए डेंगू केस, सर्वे गतिविधियों तथा वर्तमान परिदृश्य की ब्लॉक वार समीक्षा की। जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मुकेश जनागल ने मातृ शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, कोल्ड चैन प्रबंधन के गुर सिखाए। वहीं जिला टीबी अधिकारी डॉ. चंद्रशेखर मोदी ने निश्चित संख्या में स्पूटम जांच करवाने, टीबी मुक्त ग्राम पंचायत तथा निक्षय पोषण योजना की जानकारी चिकित्सा अधिकारियों को दी।

जिले के प्रत्येक सरकारी अस्पताल में दिवाली से पहले विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौर ने इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं। सीएमएचओ डॉ. गुप्ता ने सभी पुराने अनुपयोगी सामान को नीलाम करने, आवश्यकता अनुसार छोटे-मोटे रिपेयर करवाने, रंग रोगन करवाने, समुचित स्थान पर आवश्यक आईईसी सामग्री प्रदर्शित करने, ड्रेनेज सिस्टम को पुख्ता बनाने, वायरिंग व स्विच को व्यवस्थित करने, सभी लाइट पंखे इत्यादि को सुचारू रखने तथा गमले व पौधे लगाकर परिसर को स्वच्छ व हाइजीन रखने के निर्देश दिए।

# बी.एस.एफ. ने खेत में 10 करोड़ की हेरोइन बरामद की


**■ बीएसएफ ने देर रात से इलाके में सर्च ऑपरेशन भी चलाया, इसमें कोई संदिग्ध व्यक्ति पकड़ में नहीं आया**

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** जिले के केसरीसिंहपुर इलाके में देर रात बीएसएफ ने खेत में दो किलो हेरोइन बरामद की है। बीएसएफ को इस इलाके में खेत में हेरोइन पड़े होने की सूचना मिली थी। इस पर कार्रवाई की तो मौके से हेरोइन का एक पैकेट बरामद हुआ। कार्रवाई बीएसएफ की एसएन जैन बीओपी के पास हुई। यह हेरोइन इस इलाके में पाकिस्तान की ओर से ड्रोन ड्रॉपिंग के जरिए डाले जाने की आशंका है। जानकारी मिलने के बाद बीएसएफ ने इसे जब्त किया। देर रात से इलाके में सर्च ऑपरेशन भी चलाया गया है। हालांकि इसमें कोई संदिग्ध व्यक्ति पकड़ में नहीं आया है।

बीएसएफ अधिकारियों ने हेरोइन मिलने की पुष्टि करते हुए कहा कि इलाके में अब तक कोई संदिग्ध पकड़ में नहीं आया है। अभी इस मामले में कार्रवाई की जा रही है। इलाके में 10 दिन पहले भी हेरोइन मिली थी। तब यह कार्रवाई पुलिस ने की थी। श्रीकरणपुर के गांव माझीवाला के पास गांव 17 एस में 10 दिन पहले पुलिस ने 2 किलो 79 ग्राम हेरोइन पकड़ी थी। यह एक खेत में पड़ी मिली।

पिछले 10 महीने की बात करें तो इस साल 10 जनवरी को केसरीसिंहपुर के गांव एक आर में पांच पैकेट में 5 किलो हेरोइन मिली। पंद्रह जनवरी को अंतरराष्ट्रीय सीमा पर 6 किलो हेरोइन मिली। 19 जनवरी को 6 किलो हेरोइन ले जा रहे ड्रोन को बीएसएफ ने फायर करके गिरा दिया। बारह मार्च को गांव मटीलीराठान के चक एक क्यू में किसान कश्मीर सिंह के खेत में छह पैकेट में साढ़े 3 किलो हेरोइन मिली। दो मई को 74 आरबी नहर की पुलिया पर गजसिंहपुर इलाके में दस करोड़ रुपए की हेरोइन मिली। वहीं 10 जून को गांव 79 एनपी के खेत में 3 किलो हेरोइन मिली। इसके अलावा भी हेरोइन तस्करी के कुछ मामले सामने आए हैं।

## राशिफल शुक्रवार 18 अक्टूबर, 2024


पंडित अनिल शर्मा

कार्तिक मास, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा तिथि, शुक्रवार, विक्रम संवत 2081, अश्विनी नक्षत्र दिन 1:26 तक, वज्र योग रात्रि 9:34 तक, कौलव करण दिन 1:16 तक, चन्द्रमा आज मेष राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-तुला, चन्द्रमा-मेष, मंगल-मिथुन, बुध-तुला, गुरू-वृष, शुक्र-वृश्चिक, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज कुमार योग सूर्योदय से दिन 1:6 तक है। सर्वार्थ सिद्धि योग दिन 1:26 तक बना रहेगा। राजयोग दिन 1:26 से सूर्योदय तक है। आज अशून्य शयन व्रत है।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** चर सूर्योदय से 7:57 तक, लाभ-अमृत 7:57 से 10:47 तक, शुभ 12:12 से 1:37 तक, चर 4:22 से सूर्यास्त तक।

**राहूकालः** 10:30 से 12:00 तक। सूर्योदय 6:32, सूर्यास्त 5:52

**मेष**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

**वृष**
मित्रों/रिश्तेदारों से मतभेद बढ़ सकते हैं और समय अनर्गल कार्यों में खराब हो सकता है। अनावश्यक धन खर्च होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन**
आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के लिए भागदौड़ बनी रहेगी।

**कर्क**
व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**सिंह**
शुभ कार्यों में व्यवधान उत्पन्न हो सकते हैं। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। नौकरीपेशा व्यक्तियों को उच्चाधिकारियों की नाराजगी का सामना करना पड़ सकता है।

**कन्या**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

**तुला**
घर-परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे।

**वृश्चिक**
विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी।

**धनु**
परिजनों के व्यवहार के कारण दुःख हो सकता है। आवश्यक कार्यों के संबंध में दुविधा बनी रहेगी। आपसी ईर्ष्या-वैमनस्यता के कारण परेशानी हो सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर**
घर-परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कुंभ**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक योजना बनेगी। व्यावसायिक मामलों में उचित सोच-विचार हो सकता है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

**मीन**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा।

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

हिण्डौन सिटी

Rashtradoot

फोनः- 230200, 230400 फैक्सः- 07469-230600 वर्षः 16 संख्याः 345 प्रभात हिण्डौन सिटी, शुक्रवार 18 अक्टूबर, 2024 पो. रजि.SWM-RJ-6069/2017-18 पृष्ठ 8 मूल्य 2.50 रु.

# लंदन में मुख्यमंत्री का पर्यटन, हीरा निर्माण, ऑटोमोबाइल व संचार सैक्टर पर जोर

## प्रतिनिधिमंडल के साथ भजनलाल शर्मा ने ब्रिटेन की मंत्री व भारतीय मूल के सांसदों के साथ बैठक की

लंदन, 17 अक्टूबर। यूरोप की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था जर्मनी में निवेशकों के साथ सफल संपर्क के बाद, मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी और राजस्थान सरकार के उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल के अन्य सदस्यों ने आज

- **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उनकी टीम प्रवासी राजस्थानियों को जोड़ने के लिये विशेष अभियान चला रही है। राजस्थानी समुदाय को भावात्मक रुप से जोड़ने तथा निवेश के लिये प्रेरित करने का विशेष प्रयास किया जा रहा है।**

ब्रिटेन सरकार की मंत्री (इंडो-पैसिफिक क्षेत्र) कैथरीन वेस्ट के साथ मुलाकात की।

प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों के साथ मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने लंदन के पैलेस ऑफ वेस्टमिंस्टर में ब्रिटेन की संसद का दौरा किया और भारतीय मूल के चुनिंदा सांसदों के साथ बैठक की। बैठकों के दौरान, मुख्यमंत्री ने राजस्थान में इंग्लैंड की कंपनियों द्वारा निवेश के लिए ब्रिटेन सरकार से सहयोग की अपील की और 9-10-11 दिसंबर को जयपुर में आयोजित "राइज़िंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024" में भाग लेने के लिए उन्हें आमंत्रित किया।

इसके बाद, मुख्यमंत्री शर्मा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (आई.सी.टी.), हीरा निर्माण, और ऑटोमोबाइल क्षेत्रों की यू.के. स्थित फर्मों से मुलाकात की और उन्हें प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित किया। इन बैठकों में एलीमेंट सिक्स (डी बीयर्स ग्रुप की कंपनी जो सिंथेटिक डायमंड, प्रोसेसिंग टूल्स आदि का कारोबार करती है), स्यानकॉनोड

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी और राजस्थान सरकार के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने ब्रिटेन सरकार की मंत्री (इण्डो पैसिफिक क्षेत्र) कैथरीन वैस्ट के साथ मुलाकात की और लंदन के पैलेस ऑफ वैस्टमिंस्टर में ब्रिटेन की संसद का दौरा किया।*

# कोटा में कोचिंग छात्र ने आत्महत्या की

कोटा, 17 अक्टूबर (निसं)। दादाबाड़ी थाना इलाके में एक और कोचिंग छात्र ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। छात्र उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर का निवासी था और कोटा में मेडिकल एन्ट्रेंस एग्ज़ाम की तैयारी कर रहा था। वह दादाबाड़ी, शास्त्री नगर स्थित एक मकान में रहता था।

जानकारी मिलने के बाद, दादाबाड़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और छात्र के शव को कब्जे में लेकर एम.बी.एस. अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। दादाबाड़ी थाना अधिकारी

- **उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर का निवासी छात्र, मैडिकल एंन्ट्रेंस की तैयारी कर रहा था। उसने फंदा लगाकर आत्महत्या की।**

नरेश कुमार मीणा ने बताया कि फिलहाल छात्र की आत्महत्या के कारण का खुलासा नहीं हुआ है। आशुतोष नाम का बीस वर्षीय यह छात्र मिर्जापुर जिले के अतीकपुर निवासी भुवनेश्वर चौरसिया का पुत्र था। पुलिस ने आत्महत्या के संबंध में उसके परिजनों को सूचना दे दी है। उनके आने के बाद ही पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल यह कह पाना मुश्किल है कि छात्र ने आत्म हत्या क्यों की। पुलिस ने कमरे को सीज़ कर दिया है।

सी.आई. नरेश कुमार मीणा का कहना है कि आशुतोष जिस मकान में

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# भारत के खिलाफ ट्रूडो के तेवर क्यों ढीले पड़े?

## अन्तर्राष्ट्रीय कूटनीतिक जगत में चर्चा है कि अमेरिका के दबाव में ट्रूडो ने सुर बदले हैं

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 17 अक्टूबर। कैनडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के रुख में भारत का नाम खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या से जोड़े जाने के मामले में रुख में आए परिवर्तन को लेकर इस मामले में अमेरिका के प्रभाव के बारे में कई सवाल पूछे जा रहे हैं। ट्रूडो ने माना है कि उन्होंने शुरु में जो दावे किए थे उसकी पुष्टि के लिए उनके पास पर्याप्त ठोस सबूत नहीं थे। अटकले हैं कि ट्रूडो पर अपने बयान से पलटने के पीछे अमेरिका का दबाव है।

- **ज्ञातव्य है कि बुधवार को ट्रूडो ने एक बयान में कहा कि निज्जर की हत्या में भारत के शामिल होने का उनके पास पुख्ता सबूत नहीं है, जबकि, उसके एक दिन पहले ही दोनों देशों का तनाव इतना बढ़ गया था कि भारत ने कैनडा के राजदूत को देश छोड़ने का आदेश दिया था और अपने राजनयिकों को वापस बुला लिया था।**
- **विशेषज्ञों का कहना है कि अमेरिका चाहता है कि उसके दोनों समर्थक देशों के बीच संबंध सामन्य रहें, इसीलिए उसने कैनडा के प्रधानमंत्री ट्रूडो पर दबाव डाला है।**
- **पर, कैनडा में जल्दी ही चुनाव होने वाले हैं और ट्रूडो को अपने इस बदले रुख से भारी नुकसान हो सकता है। उनके नेतृत्व की विश्वसनीयता व सामर्थ्य पर सवाल उठ रहे हैं।**

शुरु में ट्रूडो ने भारत के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए कैनडा में निज्जर की हत्या करने का आरोप लगाया था। इस दावे ने सारी दुनिया का ध्यान खींचा और दोनों देशों के बीच काफी तनाव बढ़ गया। लेकिन अब पर्याप्त सबूत नहीं होने की स्वीकारोक्ति पर सभी हैरान है कि क्या इस अचानक ह्रदय परिवर्तन के पीछे बाहरी दबाव है।

विश्लेषक कहते हैं कि इसमें संभवतया अमेरिका की भूमिका है। भारत और कैनडा दोनों ही अमेरिका के महत्वपूर्ण सहयोगी हैं। इनके बीच में संतुलित व स्थायी सम्बंध अमेरिकन विदेश नीति के भी हित में है। राजनैतिक विश्लेषक हर्ष वी. पंत ने कहा कि हो सकता है अमेरिका ने कैनडा का अपना रुख बदलने के लिए कहा हो। ताकि इण्डो पसैफिक रेंज में स्थिरता बनी रहे।

इसके अलावा बाइडन प्रशासन भारत से अच्छे सम्बंध चाहता है खासकर चीन के बढ़ते प्रभाव को रोकने के लिए। कुछ लोगों का कहना है कि हो सकता है वॉशिंगटन ने ही ओटावा से अपना रुख नरम करने के लिए कहा हो।

ट्रूडो के बदले रुख ने उनके नेतृत्व और विश्वसनीयता पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। आलोचकों का तर्क है कि उनकी सरकार के आरोप सबूतो पर आधारित होने की बजाय राजनीति से प्रेरित थे, उन्होंने अपने वोट बैंक को खुश करने के लिए यह बात कही थी। कैनडा के राजनैतिक विशेषज्ञ शाची कर्ल ने कहा ट्रूडो की छवि प्रभावित हो सकती है खासकर इसलिए क्योंकि वे विदेशी दबाव में काम करते दिख रहे हैं।"

ट्रूडो पर दबाव है कि वे मजबूत व स्वतंत्र नेतृत्व प्रदर्शित करे। चुनाव सन्निकट है इलिए इस मसले को चतुराई से हल करना होगा।

ट्रूडो के इस बदले रुख से भारत के पास सम्बंध सुधारने का मौका है। भारत निज्जर की हत्या में शामिल होने से

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# महाराष्ट्र व झारखंड के चुनावों के बाद नए राज्यपाल नियुक्त करेगी भाजपा

## चर्चा है कि 5 साल का कार्यकाल पूरा कर चुके कई राज्यपालों को बदल दिया जाएगा

-श्रीनन्द झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 17 अक्टूबर। कई राज्यपालों के कार्यकाल के तीन से पाँच वर्ष पूरे होने के साथ ही, एन.डी.ए. सरकार ने विभिन्न राजभवनों में होने वाले खाली स्थानों को भरने के लिये उम्मीदवारों की तलाश शुरु कर दी है। आरिफ मोहम्मद खान केरल गवर्नर के रूप में अपने पाँच साल पूरे कर चुके हैं तथा सम्भवत: किसी अन्य राज्य के राज्यपाल पद के लिये प्रतीक्षाकक्ष में बैठे हैं। इस बारे में अटकलें जोरों पर हैं कि अंडमान-निकोबार द्वीप समूह के उपराज्यपाल देवेन्द्र कुमार जोशी, जो भारतीय नौ सेना के प्रमुख रह चुके हैं, को केरल का प्रभार दिया जायेगा।

- **सूत्रों ने बताया कि वरिष्ठ भाजपा नेता राम माधव को जम्मू-कश्मीर का उपराज्यपाल बनाया जा सकता है। जम्मू-कश्मीर एक केन्द्रशासित प्रदेश है, इसलिए यह पद बेहद ताकतवर है।**
- **अंडमान-निकोबार द्वीप समूह के उपराज्यपाल, पूर्व नौ सेना प्रमुख देवेन्द्र कुमार जोशी को केरल भेजे जाने की चर्चा है।**

जम्मू-कश्मीर में उपराज्यपाल मनोज सिन्हा को अपने पद पर चार वर्ष से अधिक समय हो गया है तथा उनको लेकर ऐसी अटकलें हैं कि उनके स्थान पर भाजपा के पूर्व महासचिव राम माधव लाये जायेंगे। माधव कई साल से उपेक्षित स्थिति में है, उसी समय से, जब जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने उनका नाम लेते हुये यह आरोप लगाया था कि उन्होंने बिजली के एक अनुबंध पर हस्ताक्षर करने के लिये उन्हें (मलिक) प्रभावित करने की कोशिश की थी। बताया जाता है कि पिछले वर्षों में, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से माधव के संबंध तनावपूर्ण रहे हैं। लेकिन जम्मू-कश्मीर चुनावों से पहले उस समय वे पुन: प्रतिष्ठित कर दिये गये थे, जब उन्हें चुनावों के लिये भाजपा का सह-प्रभारी बनाया गया था। सूत्रों ने कहा कि माधव को उनके प्रदर्शन के लिए पुरुस्कृत किया जाएगा, क्योंकि जम्मू क्षेत्र में भाजपा का प्रदर्शन अच्छा रहा है। भाजपा ने कांग्रेस को इस क्षेत्र में केवल एक सीट तक सीमित कर दिया था।

गुजरात की पूर्व मुख्यमंत्री

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# रेल आरक्षण 60 दिन पहले ही होंगे

नयी दिल्ली, 17 अक्टूबर। रेलवे ने यात्री गाड़ियों के लिए आरक्षण कराने की अधिकतम सीमा 120 दिन से घटाकर फिर से 60 दिन कर दी है। रेल मंत्रालय में इस आशय का आदेश बुधवार को जारी किया गया। आदेश में कहा गया है कि यह निर्णय लिया गया है कि दिनांक एक नवंबर से ट्रेनों द्वारा अग्रिम आरक्षण की मौजूदा समय सीमा 120 दिनों से घटाकर 60 दिन (यात्रा की तिथि को छोड़कर) कर दी जाएगी, हालाँकि 120 दिनों के 31 अक्टूबर तक की गई सभी बुकिंग बरकरार रहेंगी।

- **रेलवे ने आरक्षण कराने की मौजूदा समय सीमा 120 दिन से घटाकर 60 दिन कर दी। यह निर्णय 1 नवम्बर से लागू होगा।**

दिनांक एक नवंबर से, एडवांस रिजर्वेशन पीरियड (ए.आर.पी.) 60 दिनों (यात्रा के दिन को छोड़कर) की होगी और बुकिंग उसी के अनुसार की जाएगी। तथापि, 60 दिनों की ए.आर.पी. के बाद की गई बुकिंग को

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# बिहार में शराब दुखांतिकाओं पर उठा राजनैतिक तूफान

## सीवान व सारण में हुए इस हादसे में 36 लोगों की मौत हो चुकी है तथा 40 की हालत गंभीर

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 17 अक्टूबर। सन् 2016 में बिहार में शराब की बिक्री पर लगाए गए प्रतिबंध के बाद की एक बड़ी घटना में नकली शराब पीने से राज्य में हुई करीब 36 लोगों की मौत ने एक राजनीतिक तूफान खड़ा कर दिया है। सीवान और सारण जिलों में हुई इन मौतों को लेकर विपक्ष ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली राज्य सरकार पर हमला बोल दिया है।

- **कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल और अन्य सभी विपक्षी दलों ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया है।**
- **नीतीश कुमार की सरकार ने वर्ष 2016 में बिहार में शराब बंदी लागू की थी, तब से लेकर अब तक शराब दुखांतिकाओं में 150 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं।**

डायरैक्टर जनरल ऑफ पुलिस, आलोक राज ने आज बताया कि सिवान में 20 लोग तथा सारन में 5 लोगों की मौत हुई थी। इसके साथ ही 12 लोगों को नकली शराब बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है तथा इन लोगों पर सख्त कानूनों के तहत मुकदमा चलाया जाएगा।

इस घटना ने राज्य में राजनीतिक तूफान खड़ा कर दिया है तथा प्रतिबंध के बावजूद शराब की उपलब्धता पर प्रश्न उठाए जा रहे हैं।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सारण जिले में नकली शराब के सेवन से हुई मौतों को लेकर नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि सत्तारुढ़ पार्टी राज्य में अवैध शराब की बिक्री रोकने में असफल रही है। "एक्स" पर एक पोस्ट में खड़गे ने कहा, "बिहार के सीवान व सारण गांवों में अभी तक 36 लोग मर चुके हैं, सरकार से हमारा अनुरोध है कि इसके लिए जिम्मेवार लोगों को सख्त सजा दी जाए।"

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा, "सरकार को अपनी मद्यनिषेध नीति पर विचार करना चाहिए, जो राज्य में नकली शराब की बिक्री पर रोक नहीं लगा पाई है।"

सी.पी.आई. (एम.एल.) विधायक सत्यदेव राम, जो सीवान की दारौली सीट से विधायक हैं, ने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया और कहा, "प्रशासन इस पूरे घटनाक्रम को छुपाने की कोशिश में लगा है। कम से कम 60 गांवों के लोगों ने शराब पी है। इतने बड़े स्तर पर यह नहीं हो पाता, यदि इसमें लिप्त लोगों को स्थानीय प्रशासन का प्रश्रय नहीं मिला होता।"

विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने एक क्रोध भरे वक्तव्य में कहा, "नकली शराब से होने वाली मौतें बिहार में आम बात हो गई हैं, लेकिन कभी भी किसी उच्च पदस्थ अधिकारी को इसके लिए जिम्मेवार नहीं ठहराया गया है। यदि प्रतिबंध के बावजूद अवैध शराब उपलब्ध है तो यह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की असफलता है, जिन्होंने अपने पूरे कार्यकाल में गृह विभाग संभाला है।"

इस बीच मुख्यमंत्री ने शराबकांड की समीक्षा के लिए उच्चस्तरीय बैठक की, जिसमें उन्होंने अधिकारियों को घटनास्थल पर जाकर स्थिति की

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# बी.सी.आर. व बार एसोसिएशन चुनाव में महिला वकीलों को आरक्षण क्यों नहीं

जयपुर, 17 अक्टूबर। राजस्थान हाईकोर्ट ने बार कौंसिल ऑफ राजस्थान, हाईकोर्ट बार एसोसिएशन जयपुर व जोधपुर, दी बार एसोसिएशन जयपुर सहित, प्रदेश के बार एसोसिएशन चुनाव में महिला अधिवक्ताओं को 33 फीसदी आरक्षण नहीं देने पर बी.सी.आर. सहित

- **राजस्थान हाई कोर्ट ने बार काउन्सिल ऑफ राजस्थान, हाई कोर्ट बार एसोसिएशन तथा जयपुर व प्रदेश की बार एसोसिएशनों से जवाब तलब किया।**

संबंधित बार एसोसिएशनों से जवाब तलब किया है। अदालत ने इनके पदाधिकारियों से पूछा है कि बार एसोएिशनों में महिला अधिवक्ताओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाने व 33 फीसदी आरक्षण का लाभ देने के लिए

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# इज़रायल का दावा, कुख्यात हमास आतंकी याहया सिनवार मारा गया

## अगर इज़रायल का दावा सत्य है तो जल्दी ही खत्म हो जाएगा इज़रायल-हमास युद्ध

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 17 अक्टूबर। गाज़ा में एक साल से चल रहा इज़रायल-हमास युद्ध समाप्त हो सकता है, यदि इज़रायल का यह दावा सत्य है कि हमास का चीफ, खतरनाक आतंकवादी, याहया सिनवार मारा जा चुका है।

इज़रायल की मिलिटरी ने दावा किया कि आतंकवादियों के साथ एक एन्काउन्टर में हमास के कई सदस्य मारे गए। इनमें से एक की शक्ल याहया सिनवार से मिलती है। मिलिटरी का कहना है कि अभी वो इस बात की पुष्टि कर रही है।

यदि यह सत्य है, तो एक वर्ष से चले आ रहे युद्ध का यह "टर्निंग पॉइंट" हो सकता है, क्योंकि सिनवार ही वो व्यक्ति था, जिसने 7 अक्टूबर के हमास हमले की योजना बनाई थी, जिसमें इज़रायल के आबादी क्षेत्र पर किए गए हमलों में ग्यारह सौ इज़रायली नागरिक मारे गए थे तथा जिसके परिणाम स्वरूप वर्तमान युद्ध शुरू हुआ।

सिनवार, हमास संगठन का सबसे ज्यादा कट्टरपंथी नेता था तथा उसने इज़रायल के प्रति नरम रूख या किसी भी तरह की रियायत का विरोध किया था। इज़रायल द्वारा हमास के पूर्व चीफ की तेहरान यात्रा के दौरान हत्या के बाद सिनवार ने हमास के शीर्ष पद पर कब्जा कर लिया था।

अमेरिका का प्रशासन सिनवार के मारे जाने की खबर से प्रफुल्लित नज़र आ रहा है। इन्टरनैशनल न्यूज़ एजेन्सियों ने यू.एस. सूत्रों को उद्धृत करते हुए कहा है कि सिनवार की उपस्थिति के बिना, युद्धबंदी समझौते पर वार्ता करना आसान होगा। इज़रायल की गुप्तचर एजेन्सी मोसाद के लिए यह एक और उपलब्धि होगी, जिसने सिनवार की गतिविधि के बारे में इज़रायली मिलिटरी को सटीक जानकारी उपलब्ध कराई। सिनवार की मौत के बाद अब हमास के शीर्ष नेतृत्व के पास वो अनुभव नहीं होगा, जो सिनवार के पास था।

- **बताया जाता है कि सिनवार ने ही गत वर्ष 7 अक्टूबर को इज़रायली बस्तियों पर हमले की साजिश को अंजाम दिया था जिसमें इज़रायल के 1100 नागरिक मारे गए थे और उसके बाद से ही यह युद्ध शुरु हुआ था जिसमें अनेक निर्दोषों की जानें गईं हैं।**
- **सिनवार की मौत पर अमेरिकी प्रशासन ने भी खुशी जाहिर की और कहा कि अब हमास के साथ वार्ता की और हमास की कैद से इज़रायल के बंदियों को रिहा करवाने की संभावना बढ़ गई है।**
- **इज़रायली सीक्रेट सर्विस लगातार सिनवार को ट्रैक कर रही थी। सिनवार लम्बे समय से अण्डरग्राउण्ड था, सितंबर में ही वह दिखा था।**

हमास द्वारा इज़रायल पर हमले के बाद लंबे समय से याहया सिनवार नज़र नहीं आया है। अपनी गतिविधियाँ और ठौर-ठिकाना पूरी तरह गुप्त रखने के लिए सिनवार ने कभी सक्रिय भागीदारी नहीं दर्शाई। लेकिन फिर भी इज़रायल सीक्रेट सर्विस याहया सिनवार को ढूंढ रही थी। सिनवार एकाएक सितम्बर में ही खुले में आया था। उसके तुरन्त बाद ही सिनवार ने मुस्लिम-जगत के कुछ महत्वपूर्ण नेताओं से बातचीत की थी। तथापि, इसके तुरन्त बाद ही, इन लोगों ने गुप्त रूप से मिलना शुरू कर दिया।

दूसरी तरफ, इज़रायल सिनवार की तलाश में था, तथा वह इज़रायल का प्राथमिक निशाना था। लेकिन, उसने स्वयं को इतने लम्बे समय तक छुपाये रखा, यह इस बात को दर्शाता है कि गाज़ा में हमास का नैटवर्क कितनी सफलता से इज़रायली इन्टैलिजैंस के प्रमुख टारगैट को छुपाए रख सकता है।

आशा की जा रही है कि अब हमास के उदारवादी नेता बंधकों की रिहाई की सौदेबाजी के लिये अधिक दबाव बनाएंगे। हमास के पास अब भी फिरौती के लिये बहुत सारे इज़रायली बन्दी हैं। इन बन्दियों को वापस सौंपने के मामले में हमास का इन्कार एक साल से चल रहे इस टकराव के समाधान के रास्ते में बाधा बना हुआ है।

# न्यायमूर्ति संजीव खन्ना सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस होंगे

नई दिल्ली, 17 अक्टूबर। उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने न्यायमूर्ति संजीव खन्ना को शीर्ष अदालत का अगला मुख्य न्यायाधीश नियुक्त करने की सिफारिश की है। जस्टिस संजीव खन्ना सुप्रीम कोर्ट के 51वें चीफ जस्टिस होंगे। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने केन्द्र सरकार को पत्र लिखकर न्यायमूर्ति खन्ना के नाम की सिफारिश की है। मुख्य न्यायाधीश 10 नवंबर को सेवानिवृत्त होने वाले हैं। उनके बाद शीर्ष अदालत में सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश न्यायमूर्ति खन्ना हैं, जो 13 मई 2025 को सेवानिवृत्त होंगे।

- **मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने उनके नाम की सिफारिश की है। वे 10 नवम्बर को कार्यभार संभालेंगे।**

न्यायमूर्ति खन्ना को 18 जनवरी 2019 को शीर्ष न्यायालय में पदोन्नत किया गया था, तब वह दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश थे। उन्हें 2005

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# भरतपुर से सांचौर जा रही बस पलटी, एक की मौत, 26 यात्री घायल

## अचानक टायर फट जाने से वीडियोकोच बस असंतुलित हो गई थी



हादसे में हुसे घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया।

■ सभी सवारियां नींद में थी, अचानक हुए हादसे के बाद सवारियों में कोहराम मचा

**ब्यावर/मसूदा, (निसं)।** ब्यावर-अजमेर हाईवे पर खरवा के पास वीडियोकोच बस का अचानक टायर फट जाने से असंतुलित होकर बस पलट गई। हादसे में एक जने की मौत हो गई, वहीं 26 जने घायल हो गये। घायलों में पुरूष, महिलाएं तथा बच्चे शामिल है। सभी घायलों को हाइवे एंबुलेंस तथा पीपलाज टोल प्लाजा की एंबुलेंस के माध्यम से राजकीय अमृतकौर चिकित्सालय लाकर भर्ती करवाया गया, जिसमें चार सवारियों की हालत ज्यादा खराब होने के कारण उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद अजमेर के लिए रैफर कर दिया।

हादसे की सूचना मिलते ही ब्यावर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। यह बस भरतपुर से सांचौर जा रही थी जो कि बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के दौरान सभी सवारियां नींद में थी। अचानक घटित हुए हादसे के बाद बस में सवारियों में कोहराम मच गया।

हादसे में एक व्यक्ति महेश कुमार पुत्र डूगर मल राठी निवासी सांचौर की मौत हो गई, जिसके शव को चीरघर में रखवाया गया है। वहीं बंसीलाल पुत्र डूंगरराम निवासी सांचौर, मुकेश पुत्र ताराचंद भरतपुर, दिनेश पुत्र अजय, जितेन्द्र पुत्र प्रभु भरतपुर, पप्पू पुत्र गुफा खां निवासी भरतपुर, अमित पुत्र टिटू कुसवा निवासी पुरा नोरा, निलम (लाली) पत्नी अशोक बैरवा निवासी गढा अमावश सवाई माधोपुर, मुस्कान पुत्री अशोक बैरवा निवासी गढा अमावश सवाई माधोपुर, शिद्धात पुत्र अशोक, निवासी गढा अमावश सवाई माधोपुर, महक पुत्र अशोक बैरवा, निवासी गढा अमावश, भुपेन्द्र कुमार पुत्र नथुवा शर्मा निवासी पहाड़ी, दर्शन पुत्र गोपाल कुशवा, निवासी कमलापुरा जोरा, रामखिलाड़ी पुत्र माडूराम कुसवा, निवासी बुड सिरथरा,फारूक पुत्र पप्पू खां, निवासी भरतपुर, रफीक पुत्र समशु खां, निवासी भरतपुर, शौभरन पुत्र विन्दना, निवासी पहाड़ी सबलगढ़ मुरेना, रोशन पुत्र रघुनाथ कुशवा, निवासी कमला पुरा, वीरू पुत्र मेधा सिंह कुशवा, निवासी करौली मुकेश पुत्र गिरिराज किशोर शर्मा, निवासी मेहदपुरा चन्दपा हाथरस एमपी, रहीश पुत्र मजीद खां, मेहंदीपुर बालाजी, सलमान पुत्र उमेदी खां निवासी मेहंदीपुर बालाजी, गफर पुत्र नसरुद्दीन, निवासी मेहंदीपुर बालाजी, पंकज पुत्र हरीराम दगदी निवासी सूरजपोल गेट ब्यावर आदि है।

## अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई

**भीलवाड़ा, (निसं)।** अवैध खनन की रोकथाम के लिए बुधवार को जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक में जिला कलेक्टर नमित मेहता ने टास्क फोर्स सदस्यों सहित उपखंड अधिकारियों को अवैध खनन, निर्गमन तथा परिवहन की रोकथाम के दिए थे।

बैठक में प्राप्त निर्देशों की पालना में माइंस विभाग भीलवाड़ा द्वारा अवैध खनिज परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 4 वाहन जब्त कर संबंधित पुलिस थानों को सुपुर्द किया है। अधीक्षण खनि अभियंता भीलवाड़ा ओपी काबरा ने बताया कि एमई भीलवाड़ा चंदन कुमार के मार्गदर्शन में ओमप्रकाश और श्रवण सौलंकी ने आसिंद व बदनोर में बजरी का अवैध परिवहन करती दो ट्रॉली जब्त कर संबंधित पुलिस थानों के सुपुर्द की है। एक अन्य कार्रवाई में एक ट्रैलर को बिना रवन्ना और ट्रांजिट परमिट के खनिज क्वार्टज का परिवहन करते हुए जब्त कर मांडल पुलिस थाने के सुपुर्द किया है।

एमई विजिलेंस की टीम के मंगनी राम ने एक ट्रैक्टर जब्त कर सदर थाने के सुपुर्द किया है। काबरा ने बताया कि पिछले दिनों गेता पाटोली गांव के पास बजरी का अवैध खनन परिवहन करते हुए ट्रेलरों का पीछा कार्य में बाधा डालने पर खान विभाग की टीम द्वारा स्कार्पियों की जब्ती के दौरान वाहन में नंबर प्लेट जब्त कर थाने में सुपुर्द किया है।


**राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर**

क्रमांक-संक्षिप्त वि.सं.17/Exam/Agri.Deptt./RPSC/EP-1/2024-25 दिनांक- 16.10.2024

आयोग द्वारा कृषि विभाग के लिए राजस्थान कृषि अधीनस्थ सेवा नियम 1978 एवं राजस्थान अनुसूचित क्षेत्र हेतु राजस्थान अनुसूचित क्षेत्र अधीनस्थ, लिपिक वर्गीय और चतुर्थ श्रेणी सेवा (भर्ती एवं सेवा की अन्य शर्ते) नियम 2014 तथा राजस्थान कृषि सेवा नियम 1900 के अन्तर्गत सहायक कृषि अधिकारी (Non Schedule Ares)-115 सहायक कृषि अधिकारी (Schedule Area)-10 सांख्यिकी अधिकारी-18 कृषि अनुसंधान अधिकारी (विभिन्न विषय)-25 सहा. कृषि अनुसंधान अधिकारी (विभन्न विषय)-73 पदों पर भर्ती हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। आयु सीमा, शैक्षणिक योग्यता, वर्गवार वर्गीकरण, आवेदन प्रक्रिया व अन्य विस्तृत जानकारी के लिए अभ्यर्थी उक्त पदों हेतु आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध विस्तृत विज्ञापन का अवलोकन करें। उक्त पदों हेतु आवेदन अवधि व अन्य विवरण निम्नानुसार हैं-

| | |
|---|---|
| आवेदन अवधि | दिनांक 21.10.2024 से दिनांक 19.11.2024 रात्रि 12.00 बजे तक। |
| परीाा का स्थान व माह | स्थान व तिथि के संबंध में यथासमय सूचित कर दिया जायेगा। |

अन्य विन्दु व सूचना-एकबारीय पंजीयन शुल्क, आवेदन प्रक्रिया, प्रमाण पत्रों से संबंधित सूचना एवं परीक्षा से संबंधित अन्य बिन्दु व सूचना के लिए आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध नवीनतम एवं संशोधित परीक्षार्थियों हेतु आवेदन व परीक्षा संबंधी सामान्य दिशा-निर्देश तथा सम्बन्धित सेवा नियमों का अध्ययन आवश्यक रूप से कर लें। इसके अतिरिक्त उक्त परीक्षा के संबंध में समय-समय पर जारी सूचनाओं का अवलोकन आयोग की वेबसाईट https://rpsc.rajasthan.gov.in पर कर सकते है। इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार के मार्ग निर्देशन/सूचना/स्पष्टीकरण हेतु राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर के परिसर में स्थित स्वागत कक्ष पर व्यक्तिगत रूप से अथवा दूरभाष सं.-0145-2635212 एवं 2635200 पर संपर्क किया जा सकता है। समस्त पत्र व्यवहार सचिव, राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर को सम्बोधित किया जाए।

DIPR/C/_____/2024 राम निवास मेहता, सचिव



**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड सांचौर**

क्रमांक-सांचोर/2024-25/1293 दिनांक-10.10.2024

**निविदा सूचना संख्या- 10 वर्ष 2024-2025**

**NIB NO.- PWD2425A2149**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से बिपरजॉय/अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त पुलियाओं/सड़कों की स्थाई मरम्मत/जीर्णोद्वार हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में निर्माण कार्य जिनकी लागत राशि रू. 791.00 लाख है के लिए ईटेण्डरिंग प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट http://dipr.rajasthan.gov.in व http://sppp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। सम्पूर्ण निविदा प्रक्रिया http://eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाईन सम्पादित की जायेगी। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट पर http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है। कार्यवार यू.बी.एन. संख्या निम्नानुसार है।

1. PWD2425WSOB08021, 2. PWD2425WSOB08022,
3. PWD2425WSOB08023, 4. PWD2425WSOB08024,
5. PWD2425WSOB08025, 6. PWD2425WSOB08026,
7. PWD2425WSOB08027, 8. PWD2425WSOB08028

(ओम प्रकाश)
अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि. खण्ड सांचौर

DIPR/C/10013/2024


# स्कूल के छात्र ने छत से कूदकर आत्महत्या की

## छात्र अपने ही घर की दूसरी मंजिल की छत से कूदा

■ परिजनों का आरोप है कि किशोर को स्कूल ने टर्मिनेट कर दिया था, जिससे सदमे में आकर उसने ये कदम उठाया

**कोटा, (निसं)।** शहर के आरकेपुरम थाना इलाके में एक किशोर के खुदकुशी करने का मामला सामने आया है। किशोर दसवीं कक्षा का छात्र था, जिसने अपने ही घर की दूसरी मंजिल की छत से कूद कर आत्महत्या कर ली।

परिजनों का आरोप है कि किशोर को स्कूल ने टर्मिनेट कर दिया था जिससे सदमे में आकर उसने ये कदम उठाया। साथ ही परिजनों ने स्कूल प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए जमकर हंगामा किया। आरकेपुरम थाना अधिकारी अजीत बगडोलिया ने कहा कि फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। थाना अधिकारी ने बताया कि मृतक की शिनाख्त भावेश (16) पुत्र रविंद्र के रूप में हुई है जो भैरवलाल काला बादल सामुदायिक भवन के नजदीक रहता था।

भावेश के बैग से डेढ़ महीने पहले हुक्का और सिगरेट जैसे कुछ सामान मिले थे। उसके बाद स्कूल ने उस पर कार्रवाई की थी। हालांकि परिजनों ने स्कूल में जाकर बात की थी। उसके बाद गत 10 अक्टूबर तक उसको एग्जाम देने की छूट मिल गई थी। बाद में 14 अक्टूबर को स्कूल ने उससे आगे से इस तरह का कृत्य नहीं करवाने के संबंध में लिखित में लिया था। थानाधिकारी ने बताया कि वह 15 व 16 अक्टूबर को स्कूल गया था या नहीं इसका पता नहीं चल पाया है। इस बीच बुधवार रात 9 बजे भावेश ने खुदकुशी कर ली थी। परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। साथ ही इस मामले में जांच पड़ताल भी की जाएगी।

# 87 किलो गांजा बरामद, दो युवक गिरफ्तार



पुलिस ने मकान से गांजा बरामद कर दो युवकों को गिरफ्तार किया।

■ मकान की तलाशी लेने पर तीन कट्टों में गांजा मिला

**भीलवाड़ा, (निसं)।** शहर की पुर थाना पुलिस ने एक मकान से 87.320 किलो ग्राम गांजा बरामद कर दो युवकों को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार, पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के आदेश व एएसपी पारसमल जैन के निर्देशन और डीएसपी सदर श्यामसुंदर विश्नौई के सुपरविजन में तस्विकरों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस बीच, पुर थाने के एएसआई गोपाल लाल को मुखबिर से सूचना मिली कि कोटड़ी गांव में दो युवक संदिग्ध हालत में घूम रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। जहां सूचना के मुताबिक दो युवक मिले। पूछताछ करने पर युवक संतोषप्रद जवाब नहीं दे पाए। गहनता से पूछताछ करने पर उन्होंने खुद को भादू निवासी हिम्मत सिंह पुत्र श्याम सिंह दरोगा व भगवानपुरा निवासी किशन पुत्र भंवर सैन होना बताया। साथ ही मेजा रोड़ पर अपने ननिहाल में गांजा छिपाकर रखने की बात भी हिम्मत सिंह ने स्वीकार की।

ऐसे में एएसआई गोपाल लाल ने उच्चाधिकारियों को सूचना दी। इस पर हमीरगढ़ थाना प्रभारी दिलीप सिंह को मकान की तलाशी के लिए भेजा गया। जाब्ते के साथ थाना प्रभारी सिंह ने मकान की तलाशी ली, जहां तीन कट्टों में गांजा मिला। पुलिस ने गांजा कब्जे में लेकर उसका वजन करवाया, जो 87 किलो 320 ग्राम पाया गया। पुलिस ने गांजा बरामद कर दोनों आरोपीं को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।


**कार्यालय भू-सम्पत्ति अधिकारी**

स्वामी केशवानन्द राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर

**निविदा सूचना संख्या 07 (2024-2025)**

| | |
|---|---|
| मुख्यालय का नाम | कार्यालय भू–सम्पत्ति अधिकारी, स्वामी केशवानन्द राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर |
| निविदा का कार्य | कृषि विश्वविद्यालय में विभिन्न सिविल निर्माण कार्य |
| निविदाओं की कुल लागत | रु. 50.10 लाख |
| निविदा बेचने की अंतिम तारीख | 21.10.2024 से 05.11.2024 5.00 बजे तक |
| डी.डी. और Online जमा कराने की तिथि | 07.11.2024 दोपहर 4.00 बजे तक (कार्यालय भू–सम्पत्ति अधिकारी) |
| निविदा खोलने की तारीख | 08.11.2024 11 बजे। |

साथ ही धरोहर राशि, निविदा शुल्क व प्रोसेसिंग शुल्क सीधा खाते में जमा करवाकर सूचना ईमेल पर भिजवाना आवश्यक है।

| खाताधारक का नाम | बैंक खाता संख्या | IFSC Code | बैंक का नाम | ईमेल |
|---|---|---|---|---|
| Estate Officer, SKRAU, Bikaner | 670101003374 | ICIC0006701 | ICICI Bank RAU Beechwal, Bikaner | estateofficerskraubikaner@gmail.com |

Transparency in public procurement act 2012 की शर्ते लागू होगी।

नोट :– निविदा से सम्बन्धित पूर्ण विवरण वेबसाईट www.raubikaner.org, www.sppp.rajasthan.gov.in, www.dipr.rajasthan.gov.in/tenders.asp एवं www.eproc.rajasthan.gov.in देखा जा सकता है। UBN : SKA2425WSOB00087 & 88

राज.संवाद/सी/24/6699 भू-सम्पति अधिकारी



Email.: eeelec1jpr@rajasthan.gov.in, eepwdeljpr@gmail.com

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PWD ELECTRIC DIVISION-I, JAIPUR**

File No......... Date:.........

**Notice Inviting Bid-25/2024-25**

Bids for Electric work I Rate Contract for various Electrical work including repair and maintenance etc. in B.No. 8, CM Residence and other under Jurisdiction of PWD Electrical Sub Division-1, Jaipur. 2. Rate Contract for various Electrical work including repair and maintenance etc. in Raj Bhawan and other under Jurisdiction of PWD Electrical Sub Division-1, Jaipur. 3. Rate Contract for various Electrical work ineluding repair and maintenance ete. in Bunglows at Civil Line, Banipark and other Residential area and other under Jurisdiction of PWD Electrical Sub Division-I, Jaipur. 4. Rate Contract for various Electrical work including repair and maintenance etc. in Non Residential Building and other under Jurisdiction of PWD Electrical Sub Division-I, Jaipur. 5. Rate Contract for various Electrical work including repair and maintenance etc. under Jurisdiction of PWD Electrical Sub Division-VII & other Jaipur. 6. Rate Contract for various Air Conditioner work including repair and maintenance etc. under Jurisdiction of PWD Electrical Division-1. Jaipur. 7. Rate Contract for various LAN work including repair and maintenance etc, under Jurisdiction of PWD Electrical Division-I, Jaipur of subject matters of Procurement are Invited from intrested bidders upto 24.10.2024 6.00 P.M. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppps.raj.nic.in) of the state: and http://pwd.rajasthan. gov.in. The approximate value of the procurement is Rs. 300.00 Lacs.

**UBN NO.: PWD2425WSOB07844, PWD2425WSOB07845 PWD2425WSOB07846, PWD2425WSOB07847, PWD2425WSOB07848 , PWD2425WSOB07849, PWD2425WSOB07850**

(Pradeep Kumar Sharma)
Executive Engineer
PWD Electric Do. I, Jaipur

DIPR/C/9988/2024


# पैरोल से फरार हुआ हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

■ आरोपी 0029 गैंग का सदस्य भी है, अलग-अलग जगहों पर फरारी काट रहा था

**जोधपुर, (कासं)।** जोधपुर रेंज की स्पेशल पुलिस ने श्रीगंगानगर जेल से पैरोल से फरार हुए हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार किया है। आरोपी 0029 गैंग का सदस्य भी है। जेल से पैरोल पर लौटने के बजाय अलग-अलग जगहों पर फरारी काट रहा था। फिलहाल पुलिस आरोपी शिवलाल पुत्र रतनराम बिश्नोई निवासी खारा पुलिस थाना फलोदी से पूछताछ कर रही है।

रेंज आईजी विकास कुमार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ आगजनी, जानलेवा हमला, राजकार्य में बाधा, फायरिंग, गैंगवार, जेल से आरोपी फरार करवाने तथा मादक पदार्थ की तस्करी के कुल 12 मामले दर्ज हैं। वहीं साल 2021 में देचू थाना क्षेत्र की गैंगवार में भी शामिल रहा है। आईजी ने बताया कि आरोपी सूरतगढ़ सिटी जिला श्रीगंगानगर में दो क्विंटल 75 किलोग्राम मादक पदार्थ डोडा-पोस्त के मामले में सूरतगढ़ सिटी की जेल में था। न्यायालय से शिवलाल को 20 दिन के पैरोल पर रिहा किया गया था। जिसे गत 27 अप्रैल को जेल में वापस पेश होना था लेकिन आरोपी जेल में पेश होने के बजाय फरार हो गया था। इस दौरान आरोपी अहमदाबाद, पुणे और बीकानेर के क्षेत्र में फरारी काटता रहा। आईजी ने बताया कि आरोपी फरारी के दौरान 14 अगस्त को गंगानगर से वापस आते समय बीकानेर जिले के महाजन के पास सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। यहां से गुजरात अहमदाबाद जोधपुर में अपना इलाज करवा रहा था। इलाज के दौरान जैसलमेर और बीकानेर क्षेत्र में मिलने वाले रिश्तेदारों के ट्यूबवेल पर फरारी काट रहा था। आरोपी के खिलाफ सूरतगढ़ कोर्ट की ओर से गिरफ्तारी वारंट भी जारी किया गया था। इधर 16 अक्टूबर को आरोपी के जोधपुर चैकअप करवाने के लिए आने की सूचना थी। इस पर टीम ने उसे दबोच लिया।

# महिला की हत्या का खुलासा, आरोपी पुष्कर से गिरफ्तार

■ आरोपी, महिला को कार में ले गया और रेप किया

**भीलवाड़ा, (निसं)।** करीब एक माह पूर्व हुई महिला की हत्या कर तालाब में फैंकने के मामले में ब्लाइंड मर्डर केस का खुलासा करते हुए पुलिस ने आरोपी शैतान गुर्जर को पुष्कर से गिरफ्तार कर वारदात में काम ली गई कार बरामद कर ली। आरोपी, महिला को मजदूरी के बहाने कार में बैठाकर ले गया और उसके साथ रेप किया। महिला के विरोध करने पर गला दबाकर उसकी हत्या कर दी और सबूत मिटाने के उद्देश्य से शव को तालाब में डाल दिया था।

थाना प्रभारी बछराज ने बताया कि 13 सितंबर को पुलिस को एक तालाब में महिला की लाश होने की सूचना मिली। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव कब्जे में लिया। शव की पहचान के बाद परिजनों से रिपोर्ट पर हत्या का केस दर्ज किया। शाहपुरा जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने वारदात की गंभीरता को देखते हुये टीम गठित की। टीम ने कत्ल के आरोपी की तलाश में अजमेर, पुष्कर, नसीराबाद भेजा गया। पुलिस ने अथक प्रयास के बाद किशनपुरा, पुष्कर निवासी शैतान पुत्र नेवताराम गुर्जर को डिटेन कर पूछताछ की। इसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने वारदात में काम ली कार भी बरामद कर ली। आरोपी शैतान ने प्रारंभिक पूछताछ में कबूल किया कि इस महिला को मजदूरी के बहाने उसने अपनी कार में बैठाया और डरा-धमका कर जंगल में ले गया। जहां उसने महिला के साथ रेप किया। महिला ने विरोध किया तो गला दबाकर उसकी हत्या कर दी।


**VARDHMAN MAHAVEER OPEN UNIVERSITY, KOTA**
(Rawathbhata Road, Kota -324021)
(Estate Cell)

**NOTICE INVITING E-BID (NIB 27/ 2024-25)**

E-Bid is invited for "Sant Sudhasagar Sabhagar Bhawan is to be equipped (civil, electric, air conditioning work and sound system related work) on Turn Key Basis" (Estimated cost Rs. 150.00 lacs). Further details may be obtained from http://www.eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in & www.vmou.ac.in w.e.f. 17/10/2024. **(UBN: VMU2425WSOB00026).**

Raj.Samwad/C/24/6660 Comptroller (Finance)



**राजस्थान सरकार**
**कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर**
जोधपुर 342304 राजस्थान, भारत

**खुली प्रतियोगी बोली निविदा 09/2024–25**

कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर द्वारा **Lab Equipment under DST SERB, Cumin for CoA Jodhpur, GPB Lab** की खरीद के लिए खुली प्रतियोगी बोली निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा संबंधी विस्तृत विवरण एवं जानकारी **www.sppp.rajasthan.gov.in** पर उपलब्ध है।

**UBN NO. : JAU2425GSOB00142**

नियंत्रक (वित्त)
कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर

राज.संवाद/सी/24/6684



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PWD DIV. HINDAUN**

File No. 2534-42 Date:- .10/10/24

**Notice Inviting Bid**

Bid (E-NIT No. 11/2024-25) for Consultancy Work "Preparation of Detailed Project Report (DPR) for Bridge including Land Acquisition" are invited from Registard & Interested bidders up to 6.00 PM on 29.10.2024. procurement portal (http://eproc. rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state departmental website may be Visited for Other Details of Bid. The approximate value of the procurement is Rs. 16.90 lacs.

**NIB NO: PWD2425A2123**
**UBN No. : PWD2425SLOB07883**

(Hari Narayan Meena)
Executive Engineer
PWD Division Hindaun

DIPR/C/9952/2024


# रीट परीक्षा के बाद तय होगा तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती का शिड्यूल

■ तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती के लिए अभ्यर्थियों को अभी इंतजार करना होगा

**बीकानेर, (निसं)।** राज्य सरकार ने शिक्षक पात्रता परीक्षा (रीट) की घोषणा कर दी है, लेकिन तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती के लिए अभ्यर्थियों को अभी इंतजार करना होगा। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से जारी किए गए 68 परीक्षाओं के कैलेंडर में तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती परीक्षा को शामिल नहीं किया गया है। उम्मीद है रीट परिणाम के बाद तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती परीक्षा की तिथियां घोषित की जाएंगी, जिसमें अभी समय लगेगा।

जानकारी के अनुसार कर्मचारी चयन बोर्ड ने जून-2026 तक की परीक्षाओं की तिथि घोषित की है। इसमें 68 भर्ती परीक्षाओं की तिथि और परिणाम की तारीख भी शामिल है, लेकिन तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती का शेड्यूल फिलहाल इस कैलेंडर में जारी नहीं किया गया है। ऐसे में अभ्यर्थी असमंजस की स्थिति में हैं। बेरोजगार अभ्यर्थी तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती का इंतजार कर रहे हैं। पिछली शिक्षक पात्रता परीक्षा (रीट)-2022 में हुई थी। परीक्षा में करीब 14.75 लाख अभ्यर्थी शामिल हुए, जिसमें से लगभग 8 लाख अभ्यर्थियों ने रीट की पात्रता हासिल की। वहीं, भर्ती 48 हजार पदों पर हुई। ऐसे में पिछली पात्रता परीक्षा के लगभग 7.50 लाख अभ्यर्थी भी नई परीक्षा का इंतजार कर रहे हैं। तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती परीक्षा-2022 के तहत लेवल वन के 21 हजार और लेवल सेकंड के 27 हजार पदों पर भर्ती परीक्षा आयोजित की गई। करीब 48 हजार पदों के लिए हुई इस भर्ती परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों को पदस्थापन दे दिया गया है। लेवल वन में वेटिंग सूची के चयनित करीब 450 अभ्यर्थियों को पोस्टिंग पिछले महीने दी दे दी गई है। अगली भर्ती परीक्षा कितने पदों पर होगी इसकी संख्या अभी निर्धारित नहीं है।

सरकार ने राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड को मौखिक रूप से रीट परीक्षा 2024 की नोडल एजेंसी तो बना दिया है, लेकिन अब तक उसे अधिकृत आदेश नहीं मिले हैं। इधर, प्रदेश में सात सीटों पर हो रहे उपचुनाव का असर रीट के आयोजन पर तो नहीं पड़ेगा। प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय ने फिलहाल तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती के लिए रिक्त पदों की गणना शुरू नहीं की है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि रीट भर्ती परीक्षा का परिणाम घोषित होने के बाद शिक्षा विभाग की ओर से कर्मचारी चयन बोर्ड को तृतीय श्रेणी शिक्षक लेवल वन और लेवल सेकंड के रिक्त पदों पर भर्ती की मांग भेजी जाएगी।

अशोक चौधरी, प्रदेशाध्यक्ष, राजस्थान बेरोजगार एकीकृत महासंघ का कहना है कि बेरोजगार अभ्यर्थी लंबे समय से तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती का इंतजार कर रहे हैं। सरकार को रीट पात्रता परीक्षा की तिथि निर्धारित करने के साथ ही तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती परीक्षा की तिथि भी चयन बोर्ड की ओर से जारी परीक्षा के शेड्यूल में खाली स्लॉट में निर्धारित करनी चाहिए।


**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड-बौली**

क्रमांक-371 दिनांक-14.10.2024

**निविदा सूचना संख्या- 3/2024-25 खण्ड-बौली**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से बाढ/अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त सडकों की अरजेंन्ट मरम्मत कार्य उपखण्ड बौली के अनुभाग प्रथम बौली/द्वितीय बौली/मित्रपुरा हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान एवं राज्य सरकार के अन्य विभागों तथा केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान के "ए" एवं "एए" श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से कार्यो हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी। निविदा से संबंधित विवरण वेबसाईट साईट www.dipronline.org व www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर दो जा सकता है।

**UBN NO.- (PWD2425WSOB08014), (PWD2425WSOB08015), (PWD2425WSOB08016)**

(महेश कुमार मीना)
अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि. खण्ड-बौली

DIPR/C/10003/2024



**कार्यालय नगर निगम, कोटा दक्षिण, राजस्थान**

राजीव गांधी भवन, दशहरा मैदान, सी.ए.डी. सर्किल–कोटा

email : nnksouth@gmail.com, websites : www.urban,rajasthan.gov.in/nnks, Ph.: 0744-2502142

क्रमांक :– ननिको/दक्षिण/निर्माण/2024/412–426 दिनांक :– 15.10.2024

**ई–निविदा सूचना संख्या : 19/2024–25**

नगर निगम कोटा (उत्तर/दक्षिण) द्वारा विभिन्न अभियान्त्रिकी विभागों "A" एवं "AA" श्रेणी एवं नगर निगम कोटा (उत्तर/दक्षिण) में उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से नगर निगम कोटा दक्षिण के वार्ड नं. 71, 78 एवं 79 में विभिन्न प्रकृति सिविल निर्माण/मरम्मत कार्य एवं विभिन्न स्थानो पर अन्य विकास कार्य हेतु कुल राशि 299.00 लाख रूपये की ऑन लाईन निविदायें दिनांक 17.10.2024 से दिनांक 07.11.2024 तक आमन्त्रित की जाती हैं। टेन्डर बेचे जाने, प्राप्त करने की तिथि व निविदा की शर्ते इत्यादि नगर निगम की वेबसाईट www.urban.rajasthan.gov.in/nnks http://sppp.raj.nic.in, http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती हैं।

**NIB Code No. DLB2425A3404** **UBN No. DLB2425WSOB10654**

राज.संवाद/सी/24/6703 अधीक्षण अभियन्ता, नगर निगम कोटा दक्षिण



**GOVERNMENT OF RAJASTHAN**
**DEPARTMENT OFMINES AND GEOLOGY**
Email: biddingcell@rajasthan.gov.in

**NOTICEINVITING BID (NIB)**

In exercise of the powers conferred bySection 10B and Section 11 ofthe Mines and Minerals (Development and Regulation) Act, 1957, its subsequent amendments and in accordance with the Mineral (Auction) Rules, 2015 as amended from time to timenotified thereunder, the Government of Rajasthan has notifiedthe following major mineral blocks for the purpose of grant of Mining lease (ML)and hereby invites bids in digital format only from eligible biddersthrough electronic auction.

The details of blocks, last date of submission of bidand auction dateare as summarized below:-

| S. No. | Name of Block, Mineral (Tender No. & Auction No.) | Tender Document Fees (INR) | Attempt | Start Date of Sale of Tender Document on MSTC website | Last Date of Sale of Tender Document on MSTC website | Bid Due date and time | Auction Date |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Falwa Block n/v Falwa, Tehsil Nimbahera, District Chittor-garhfor limestone for grant of ML (30446&30450) | 50,000/- | First | 10.10.2024 | 25.10.2024 upto 2400 hrs (IST) | 14.11.2024 upto 1300 Hrs (IST) | 2.12.2024 |
| 2 | Hathun Block n/v Borwa, Bhojathakur Ka Badiya, Tehsil & District Beawar for limestone forgrant of ML (30447&30451) | 2,00,000/- | First | 10.10.2024 | 25.10.2024 upto 2400 hrs (IST) | 14.11.2024 upto 1300 Hrs (IST) | 3.12.2024 |
| 3 | Dariba (Akola) Copper Block Tehsil Bhupalsagar, District Chittorgarh for copper for grant of ML (30449&30453) | 2,00,000/- | Second | 10.10.2024 | 25.10.2024 upto 2400 hrs (IST) | 14.11.2024 upto 1300 Hrs (IST) | 5.12.2024 |

The mineral concession of the blocks will be granted in accordance with the Honorable Supreme Court's order dated May 9, 2024, in Writ Petition (Civil) No. 4677/1985, M.C Mehta vs Union of India & ORS with writ petition (s) (civil) no. 202/1985, TN Godaverman v/s Union of India & ORS or any subsequent order issued in this petitions, if applicable.

The interested and eligible bidders. upon registration on MSTC website <http://www.mstcecommerce.com/auctionhome/mlcln/index.jsp> will obtain login ID and Password. After successful registration, the eligible bidder can purchase the Tender Document online on payment of the tender fee and can participate in the e-auction process.

If a bidder had already purchased the tender document during the first attempt of auction of a specific block, then in second attempt of auction, the tender document will be available for download to that same bidder only for the same block, upon payment of a non-refundable tender document fees of INR 25,000/- (Indian Rupees Twenty-Five Thousand)

The GST at the rate of 18% is applicable on the purchase of tender document. The GST applicable is to be submitted by the prospective bidder itself and the copy of receipt is to be attached with the technical bid. The prospective bidder shall be solely responsible for remitting the GST as per applicable law and statutory liability in this regard will be responsibility of prospective bidder and no liability whatsoever shall be borne by the DMGR/MSTC.

Detailed terms and conditions, deadlines etc. for participation in the electronic auction are provided in the Tender Document. The Model Tender Document and the Mineral Block Summary is available free of cost in electronic form and can be downloaded from the website of MSTC Ltd, <https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/mlcln/index.jsp>; and Department of Mines & Geology <www.mines.rajasthan.gov.in> for the purpose of information only. Timelines, notifications, updates and other details for the e-auction process are available on the website of <https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/mlcln/index.jsp>. Any revision, clarifications, addendum, corrigendum, time extensions, etc. to the above tender documents will be hosted on websites <https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/mlcln/index.jsp>; and <www.mines.rajasthan.gov.in only and no separate notifications shall be issued in the press.

Director
Departmentof Mines& Geology
Rajasthan, Udaipur

DIPR/C/9943/2024

# जनसुनवाई में अनुपस्थित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस

**करौली ।** जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सैना ने जनसुनवाई के दौरान कहा कि राजस्थान संपर्क पोर्टल पर 90 से 180 दिन के प्रकरण, मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त प्रकरण, संभाग कार्यालय, मानवाधिकार आयोग से प्राप्त प्रकरणों का अधिकारी समय सीमा मे निस्तारण करना सुनिश्चित करें जिससे कि राज्य सरकार की मंशा के अनुसार आमजन को राहत मिले। उन्होंने जनसुनवाई के दौरान अनुपस्थित अधिकारियों को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।

■ राजस्थान संपर्क पोर्टल पर 90 से 180 दिन के प्रकरण समय सीमा में सुलझाएं : कलेक्टर

जिला कलेक्टर गुरूवार को कलेक्टेट स्थित भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र में आयोजित जनसुनवाई के दौरान अधिकारियों को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने जनसुनवाई के दौरान लंबित चल रहे दर्ज प्रकरणों का प्राथमिकता से निस्तारण करते हुए समय पर रिपोर्ट भिजवाना सुनिश्चित करें जिससे परिवादी की समस्या का समाधान हो सके। उन्होंने समस्त जिला स्तरीय अधिकारी एवं उपखंड अधिकारियों को हिदायत दी कि वे आमजन से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में अविलम्ब और प्राथमिकता के साथ कार्यवाही करें तथा उनके निस्तारण के संबंध में की गयी कार्यवाही की सूचना को शीघ्रता से भिजवाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। जिला कलेक्टर ने बताया कि जनसुनवाई के दौरान नामांतरण खुलवाने, समाज कल्याण के तहत छात्रवृति दिलवाने, सडक निर्माण करवाने, पेशन दिलवाने सहित पुलिस , राजस्व, नगर परिषद सहित 46 प्रकरण प्राप्त हुए जिनका शीघ्र निस्तारण करते हुए अधिकारीयों को निर्देश दिये। जनसुनवाई में अतिरिक्त जिला कलेक्टर हेमराज परिडवाल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिवचरण मीणा, कृषि विभाग के संयूक्त निदेशक बीडी शर्मा, विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियन्ता जौहरी लाल मीणा, पीएचईडी के अधीक्षण अभियन्ता परशुराम वर्मा, सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय के सहायक निदेशक धर्मेन्द्र मीना, सहकारिता, सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण मौजूद थे।



करौली कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई के दौरान जिला कलेक्टर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## पदयात्रियों ने प्रसाद में पाई खीर

**गंगापुर सिटी ।** मां कैला देवी सेवा संस्थान के तत्वावधान में कैला मैया की पदयात्रा में बुधवार रात को विश्राम स्थल चैनपुर बालाजी पर आयोजित भजन संध्या में पद यात्रियों ने जमकर ठुमके लगाए। कैलादेवी में गंगापुर सिटी के भक्तों की ओर से भंडारा हुआ। मां कैला देवी सेवा संस्थान गंगापुर सिटी की ओर से बुधवार शाम को पदयात्रा रवाना हुई थी। पदयात्रा का चैनपुर बालाजी पर विश्राम रखा गया। यहां पर मां अंबिका म्यूजिक ग्रुप के कलाकार मनोज शर्मा, शेखर सुमन, महेश फनकार, लोकेश जांगिड आदि ने माता रानी के भजन सुनाकर पदयात्रियों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इससे पूर्व समिति के पदाधिकारियों ने बालाजी महाराज के दर्शन कर ढोक लगाई। संस्थान के अध्यक्ष दिनेचंद तंबोलीपुरा, महामंत्री रमेशचंद तिवारी, दिनेश कोर्ट, लक्ष्मीनारायण प्रॉपर्टी, वेदप्रकाश मंगल, नवल किशोर बैंक, महेश पलासोद, कैलाश सरमथुरा, राकेश मंगल, राजेंद्र वैष्णव, राहुल गर्ग, सतीशचंद्र, पवन भंडारी, राजेश, हंसा जिंदल आदि पदाधिकारियों ने मां कैलादेवी के चिपत्रपट के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। अध्यक्ष दिनेशचंद द्वारा खीर प्रसादी सहयोगकर्ता निहाल सिंह गुर्जर सहित पदयात्रा में सहयोग करने वाले सभी भामाशाहों का आभार जताया। भगवती जागरण रात 8 बजे से शुरू होकर रात 11 बजे तक चला।

## भजन कीर्तन व बांटी खीर

**गंगापुर सिटी ।** शरद पूर्णिमा महोत्सव बुधवार शाम से दूसरे दिन सुबह तक धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर मंदिरों में धार्मिक आयोजनों की धूम रही। कई जगह पर भजन कीर्तन के कार्यक्रम हुए, जबकि कई जगहों पर खीर की प्रसादी का वितरण किया गया। गुड मॉर्निंग हैप्पीनेस ग्रुप के सदस्यों ने बुधवार शाम को शरद पूर्णिमा पर्व के मौके पर पंचायत समिति परिसर स्थित ममलेश्वर महादेव मंदिर में शाम करीब 7 बजे से स्थानीय भजन मंडली द्वारा संगीतमय सामूहिक कीर्तन और भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय कलाकारों ने एक से बढकर एक श्याम और अन्य देवी-देवताओं के भजनों की प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। इससे पहले कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना और हनुमानजी की स्तुति के साथ हुई। भजन संध्या के समापन पर खीर प्रसादी वितरित की गई। कार्यक्रम में नगर परिषद सभापति शिवरतन अग्रवाल, नव नियुक्त अपर लोक अभियोजक घनश्याम सिंह का तिलक और माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर सुरेश गैरई, हरिओम भगत, कैलाश महस्वा, गिरिराज बैराडा, भगवान सहाय बजाज, नवल, ओमप्रकाश डंगायच, अशोक रलावता, जगदीश, विष्णु गुप्ता, नेमी मसावता, मोहन सहित कई लोग मौजूद थे। अंत में सुरेशचंद गुप्ता द्वारा सभी आगंतुकों का आभार प्रकट किया गया।

## सार-समाचार

### बैठक कर कई मुददों पर चर्चा

**भरतपुर ( निस )।** नगर निगम आयुक्त श्रवण कुमार द्वारा भरतपुर जिला व्यापार महासंघ से सभी सदस्य संगठनों की मीटिंग नगर निगम सभागार में बुलाई गई। जिसमें भरतपुर जिला व्यापार महासंघ के जिलाध्यक्ष संजीव गुप्ता, जिला महामंत्री नरेन्द्र गोयल, जिला कोषाध्यक्ष जय प्रकाश बजाज, जिला प्रवक्ता विपुल शर्मा के साथ साथ लगभग सभी व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। मीटिंग की शुरूआत में भरतपुर जिला व्यापार महासंघ की टीम द्वारा आयुक्त का स्वागत पटका पहनाकर किया गया। आयुक्त द्वारा व्यापारियों से अतिक्रमण आदि पर चर्चा शुरू की जिस पर जिलाध्यक्ष संजीव गुप्ता द्वारा कहा गया कि व्यापार महासंघ कभी भी किसी भी प्रकार के अतिक्रमण का समर्थन नहीं करता है परन्तु अतिक्रमण के नाम पर व्यापारी के साथ ज्यादती भी सहन नहीं की जावेगी। जिला महामंत्री नरेन्द्र गोयल द्वारा निगम आयुक्त के समक्ष टूटे फेरोकवरों एवं महिला टायलेट की समस्या सामने रखी। कोषाध्यक्ष जयप्रकाश बजाज ने आवारा पशुओं, बंदरों आदि को लेकर अपनी बात रखी। जिला प्रवक्ता विपुल शर्मा द्वारा कहा गया कि सिर्फ 5 से 10 प्रतिशत व्यापारी ही अतिक्रमण करता है इसलिए ऐसा बोलना कि सभी व्यापारी अतिक्रमण करते हैं उचित नहीं है। बाजार की सफाई को लेकर भी शर्मा द्वारा बात रखी गई जिसपर आयुक्त द्वारा शीघ्र ही एक वाट्सअप नम्बर जारी करने की बात कही जिस पर अगर कचरा गाडी नहीं आती है या कचरा गाडी के साथ चलने वाला सहायक आपका कचरा पात्र का कूडा गाडी में नहीं डालता है तो उसकी सूचना इस नम्बर पर दी जा सकेगी।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

**भरतपुर ( निस )।** कृषि महाविद्यालय बसेडी पर सांस्कृतिक कार्यक्रम लहर का आयोजन महाविद्यालय के डीन डॉ उदय भान सिंह की अध्यक्षता तथा तरूण चौधरी उपनिदेशक आम उत्कृष्टता केन्द्र खैमरी के मुख्य आतिथ्य में किया गया। सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के सोलो सोंग में वीरेन्द्र भील, सोलो डांस में बेनिका प्रथम रही। समूह नृत्य में बेनिका एण्ड टीम तथा ठ्रुप सोंग में संजना एण्ड समूह प्रथम स्थान पर रहा। आधुनिक युग में बुजुर्गों की दुर्दशा थीम पर अभिनीत मूक अभिनय में रवि कुमार की टीम प्रथम रही। सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्र एवं छात्राओं ने रंगारंग एवं मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। खेल प्रभारी भवानी सिंह मीणा ने बताया कि प्रतियोगिता के अंतिम दिन आयोजित खेलकूद प्रतियोगिताओं के 100 मीटर में अशोक, 200 मीटर में रवि कुमार, 400 मीटर में मनोज तथा 800 मीटर में ईसरराम प्रथम रहे। शॉटपुट में कृष्णा, ऊंची कूद व लम्बी कूद में भवनेश प्रथम रहा। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की वंदना से की गई। डॉ उदयभान सिंह ने कहा कि खेल और सांस्कृतिक कार्यक्रम आदिकाल से मानव जीवन का प्रमुख हिस्सा रहे है। इनकी बच्चों के व्यक्तित्व विकास में अहम भूमिका होती है। इस अवसर पर डॉ अरविन्द कुमार, डॉ आशीष शीरा, डॉ एसके दुबे, किरण मीणा सहित समस्त महाविद्यालय स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पूजा शर्मा व वीरेन्द्र भील ने किया। डॉ शिवमूरत मीणा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### अलवर की तर्ज पर भरतपुर को भी जोडे हाई स्पीड रेल नेटवर्क से

**भरतपुर ( निस )।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में शामिल अलवर को हाई स्पीड रेल नेट वर्क से जोडा जा रहा है। अलवर की तरह भरतपुर को हाई स्पीड से जोडने के लिये समृद्व भारत अभियान संस्था के निदेशक सीताराम गुंप्ता ने केन्द्रीय शहरी विकास मंत्री को पत्र लिखा है। जिसमें कहा है कि अलवर की तरह भरतपुर भी राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र का हिस्सा है। भरतपुर में पर्यटन, व्यापारिक एवं अन्य गतिविधियों को बढावा मिलेगा जिससे भरतपुर के विकास को और गति मिलेगी। गुप्ता द्वारा लिख गये पत्र में कहा है कि भरतपुर के केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान एवं अन्य पर्यटक स्थलों को निहारने के लिये प्रतिवर्ष हजारों की संख्या में पर्यटक भरतपुर आते है। इस नेटवर्क के शुरू की गई हाई स्पीड ट्रेनों के माध्यम से पर्यटकों को कम समय में दिल्ली से भरतपुर आने की सुविधा मिलेगी। इस तरह भरतपुर के सरसों तेल उद्योग, बयाना का लाल पत्थर उद्योग आदि की वजह से देश के विभिन्न क्षेत्रों से व्यापारियों का भरतपुर आना जाना होता है। उन्हें भी हाई स्पीड रेल नेट वर्क से कुछ फायदा मिलेगा। वही दूसरी ओर नई दिल्ली विभिन्न कार्यो से जाने वाले लोग उसी दिन वापिस आने से दिल्ली में जनसंख्या दवाब कम होगा। हाई स्पीड रेल नेट वर्क के तहत चलने वाली ट्रेनों का ठहराव मथुरा भी कर दिया जाये तो धार्मिक पर्यटन को भी इसका लाभ मिलेगा।

### शिविर में दी सीपीआर ट्रेनिंग

**गंगापुर सिटी ।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से मनाए जा रहे सेवा सप्ताह के तहत राजकीय कन्या महाविद्यालय में सीपी हॉस्पिटल के डॉक्टरों की टीम ने निशुल्क जांच शिविर लगाया। प्रांत संयोजक सीताराम गुर्जर ने बताया कि नानाजी देशमुख की जयंती के सेवा सप्ताह के उपलक्ष्य में परिषद की ओर से कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इनमें निशुल्क जांच शिविर, सीपीआर ट्रेनिंग सहित अन्य कई कार्यक्रम होंगे। इसी कडी में राजकीय कन्या महाविद्यालय में जांच शिविर लगाया गया।

### दल हरियाणा प्रवास पर

**करौली ।** राजस्थान से भाजपा महिला मोर्चा की 50 सदस्यीय महिला दल हरियाणा विधानसभा चुनाव प्रवास पर पहुंचा। करौली महिला मोर्चा की जिला संयोजक विद्या वैष्णव विधानसभा चुनाव हरियाणा प्रवास पर राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड, राजस्थान महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष डीआर रक्षा भंडारी के निर्देशन में प्रवास प्रभारी महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री राधा भारद्वाज,सहप्रभारी सुनीता के नेतृत्व में राजस्थान महिला मोर्चा की महिला हरियाणा विधानसभा चुनाव प्रवास पर पहुंची उन्होंने बताया कि जहां 10 महिलाओं कि अलग-अलग टीम का गठन हरियाणा क्षेत्र में प्रदेश हित में अपना मत का उपयोग करने के लिए जमीन स्तर पर कार्य किया।

## प्रतियोगिता का उद्घाटन सूरौठ कस्बे में आज

**सूरौठ ।** कोटा विश्वविद्यालय कोटा द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालय महिला हैंडबॉल, खो खो वालीबाल ,बास्केटबाल, हॉकी,प्रतियोगिता का शुक्रवार से आदर्श शारीरिक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय सूरौठ में आयोजन होगा आयोजन अध्यक्ष एवं प्राचार्य एल एच पारधी व मीडिया प्रभारी नरेंद्र बाबा ने बताया कि कोटा विश्वविद्यालय कोटा के अधीन महाविद्यालयों की हैंडबॉल,खो खो ,वालीबाल ,बास्केटबाल, हॉकी, महिला खेल प्रतियोगिता में 18 अक्टूबर से आदर्श शारीरिक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय सुरौठ में आयोजित होगी । इस प्रतियोगिता में 2 दर्जन से अधिक टीमें भाग लेंगी ! प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए निर्णायक व रजिस्ट्रेशन समिति , आवास समिति, उद्घाटन समापन समिति, सांस्कृतिक समिति, स्टेज साज सज्जा, पुरस्कार वितरण समिति,का गठन कर जिम्मेदारियां सौंपी गई है । प्रतियोगिता में भाग लेने वाले महाविद्यालय से आने वाली टीमों की आवास व भोजन व्यवस्था आदर्श शारीरिक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय कैंपस में की गई है ।पंजीयन स्थानीय महाविद्यालय में होगा । प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह शुक्रवार को आदर्श शारीरिक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय सुरौठ के प्रांगण में प्रातः 9:30 बजे होगा। राजस्थान जन उत्थान समिति के सचिव स्वदेश शर्मा, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कैलाश चंद मीणा, उप जिला शिक्षा अधिकारी शारीरिक शिक्षा मानसिंह मीणा भी रहेंगे उपस्थित । यह प्रतियोगिता दिनांक 18 नवंबर से 20 नवंबर तक आयोजित होगी ।

## वाल्मिक जयंती पर निकाली शोभा यात्रा

**करौली ।** करौली में अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा की ओर से बाल्मिक जयंती के मौके पर जिला मुख्यालय पर शोभायात्रा निकाली गई।

शोभायात्रा में भगवान कृष्ण, भगवान महादेव,सीताराम,हनुमान और महर्षि वाल्मिकि जयंती के मौके पर विभिन्न भगवानों कि सजीव झांकियां सजाई गई। इस दौरान भक्ति गीत और डीजे की धुन पर युवा नाचते गाते चल रहे थे। शोभायात्रा में शांति और सुरक्षा के लिए बडी संख्या में पुलिस दल तैनात रहा। जिलाध्यक्ष सुरेश पारखी ने बताया कि महर्षि वाल्मीकि जयंती के मौके पर होली खिडकिया बाहर स्थित हरिजन बस्ती से शोभायात्रा निकाली गई। जो शहर के गणेश गेट,भूड़ारा बाजार,बड़ा बाजार,फूटा कोट,हिंडौन दरवाजा सहित मुख्य मार्गों से होते हुए गुलाब बाग स्थित वाल्मीकि आश्रम पहुंची। शोभायात्रा में बडी संख्या में युवा, बच्चे,महिलाएं शामिल हुई।

## अपना घर आश्रम टीम ने लावारिस घूमते 16 जनों को किया रेस्क्यू

**हिंडौन सिटी ।** जिसका ना कोई घर और ना ही कोई नाम बदहाल जिंदगी दिनभर सडकों पर घूमना और जहां जगह मिली वहीं सो जाना ऐसे बेसहारा लावारिस पीडित लोगों से मुक्त राजस्थान विशेष अभियान के अंतर्गत करौली, सवाई माधोपुर जिले के विभिन्न जगह से सडकों पर घूम रहे घर परिवार और समाज से मुंह मोडकर दिन काट रहे लोगों को सुकून से भरा नया जीवन देने की पहल हुई । अपना घर आश्रम हिंडौन के संरक्षक एवं रेस्क्यू अभियान के संयोजक राकेश गोयल ने बताया कि विशेष रेस्क्यू अभियान के अंतर्गत जिले के विभिन्न हिस्सों से अब तक तीन दिनों में 16 प्रभु जनों को रेस्क्यू किया गया जिसमें 3 महिला प्रभुजी एवं 13 पुरुष प्रभुजी रेस्क्यू किये गए । इस अभियान में 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की महिला एवं पुरुष प्रभुजनों को रेस्क्यू किया जा रहा है जिन प्रभुजियों को रेस्क्यू किया गया उनकी सूचना संबंधित थाने में सूचना इंद्राज करने के उपरांत रेस्क्यू किया जा रहा है जिन्हें अपना घर आश्रम हिंडौन में प्रवेश देकर निशुल्क आवास भोजन वस्त्र दवाइयां इलाज के साथ-साथ बेहतर जीवन यापन के साथ-साथ सभी सुख सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी और अपना घर की काउंसलिंग टीम के माध्यम से पुनर्वास कराया जा सकेगा ।

अपना घर आश्रम के संरक्षक राकेश गोयल ने बताया कि करौली एवं सवाई माधोपुर जिले में यह अभियान 14 अक्टूबर से लेकर 19 अक्टूबर 2024 तक चलाया जाएगा । रेस्क्यू अभियान में दो एंबुलेंस करौली एवं सवाई माधोपुर जिले में लगातार घूम रही है जिससे अधिक से अधिक प्रभुजियों को रेस्क्यू किया जा सके । रेस्क्यू अभियान की टीम में आश्रम प्रभारी रवि शर्मा, राकेश शर्मा, सेवा साथी योगेश , भरतपुर आश्रम आई एम्बुलेंस के चालक सहित हिण्डौन आश्रम पदाधिकारी प्रहलाद कम्पाउंडर, ओमप्रकाश ढिढोरा, हेमंत खत्री, एम यूनुस, चंद्रभान चोटमुरादा राजेश शर्मा, ललित शर्मा, कुमुदिनी देवी, विजय वशिष्ठ,नरेश रामपुरा, उमेश शर्मा, मोहित मित्तल, मनीष बंसल, सुबोध जैन, अनिल गोयल, चेतन दत्तात्रेय, नीलम सोबती आदि का सहयोग रहा ।

## उपकारागृह में लगे सी.सी.टीवी कैमरों के बारे में पूछताछ की

**गंगापुर सिटी ।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार गुरुवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) सवाई माधोपुर देवेन्द्र दीक्षित ने उप कारागृह गंगापुर सिटी का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपकारापाल सुखबीर सिंह मौके पर मौजूद रहे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष देवेन्द्र दीक्षित ने उपकारापाल से कारागृह में बंदियों को दी जाने वाली विधिक सहायता, प्रथम बार प्रवेश करने वाले बंदियों के नाम और पता, बंदियों को दिए जाने वाले भोजन की मात्रा और गुणवत्ता, स्वास्थ्य सुविधा, सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरों के बारे में पूछताछ की। साथ ही देवेन्द्र दीक्षित ने बंदियों से उनके मुकदमे, परिजनों से मिलने के समय के बारे में संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने उपकारापाल को बंदियों द्वारा बताई गई समस्याओं का तुरंत समाधान करने के निर्देश दिए। जिन बंदियों के पास अपने मुकदमे की पैरवी के लिए अधिवक्ता उपलब्ध नहीं है, उन बंदियों से प्रार्थना पत्र लेकर कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और तालुका विधिक सेवा समिति को भिजवाने के निर्देश दिए। जिससे उनके मुकदमे की पैरवी के लिए अधिवक्ता नामित किया जा सके। निरीक्षण के दौरान कारागृह में कुल 84 बंदी उपस्थित पाए गए, जो कि क्षमता से अधिक थे। निरीक्षण के दौरान देवेन्द्र दीक्षित ने उपस्थित बंदियों को निशुल्क विधिक सहायता, बंदीजन के कल्याण की योजना आदि के बारे में जानकारी दी गई। निरीक्षण में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर समीक्षा गौतम, कम्पांउडर गयूर अहमद, पीएलवी मुकेश कुमार गुर्जर और कारागृह स्टाफ मौजूद रहे।

■ बंदियों को दी जाने वाली विधिक सहायता की भी जानकारी ली

## 4 कर्मचारी मिले अनुपस्थित

**गंगापुर सिटी ।** सभापति शिवरतन अग्रवाल ने गुरुवार को गंगापुर बाइपास के पास स्थित अग्निशमन ऑफिस का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में मौके पर 4 कर्मचारी अनुपस्थित मिले, लेकिन सभी की पहले से ही रजिस्टर में उपस्थिति दर्ज थी। इस पर उन्होंने अग्निशमन के इंचार्ज को सभी कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। सभापति शिवरतन अग्रवाल गंगापुर सिटी बाइपास स्थित अग्निशमन कार्यालय का औचक निरीक्षण करने के लिए पहुंचे। इस मौके पर निरीक्षण के दौरान चार कर्मचारी अनुपस्थित मिले। इनमें प्रभुदयाल, मीना कुमारी, अजय और कालूराम कर्मचारी अनुपस्थित थे। इतना ही नहीं इन सभी कर्मचारियों की रजिस्टर में पहले से उपस्थित लगा रखी थी।

## कलेक्टर ने की जनसुनवाई

**गंगापुर सिटी ।** गुरूवार को कलेक्टर डॉ. गौरव सैनी ने आमजन की परिवेदनाओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिए पंचायत समिति में डीओआईटी के वीसी कक्ष में जिला स्तरीय जनसुनवाई की। जनसुनवाई में जिला कलेक्टर ने परिवादियों की समस्याएं सुनी और उनके शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। विभिन्न प्रकरणों में त्वरित कार्रवाई करते हुए परिवादियों को राहत दिलाई। जनसुनवाई की वीसी के माध्यम से राज्य स्तर पर मुख्य सचिव सुधांश पंत एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के शासन सचिव एवं गंगापुर सिटी के प्रभारी सचिव महेन्द्र सोनी के स्तर से समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान उन्होंने त्रि-स्तरीय व्यवस्था के तहत जनसुनवाई में प्राप्त परिवादों की निस्तारण प्रक्रिया की। साथ ही सभी स्तरों पर प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस मौके पर उन्होंने औसत निस्तारण समय कमी लाने, परिवादियों के संतुष्टि स्तर में सुधार लाने, मय फोटो और वीडियो गुणवत्तापूर्ण निस्तारण, परिवादों के संबंध में सही तथ्यात्मक रिपोर्ट सक्षम स्तर पर भेजने के लिए कहा। वहीं, उन्होंने अब तक लंबित परिवादों की वस्तुस्थिति का जायजा भी लिया। इस दौरान मुख्य सचिव ने गंगापुर सिटी के कलेक्टर से भी इस संबंध में फीडबैक लिया। जनसुनवाई में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 54 परिवाद प्राप्त हुए। इनमें दूषित पेयजल आपूर्ति, विद्युत कनेक्शन के लिए डिमांड नोटिस जारी नहीं करने, सरकारी भूमि पर आमजन के आर्थिक योगदान से निर्मित खाटूश्याम मंदिर को निजी ट्रस्ट से सरकारी संस्था को हस्तांतरित कर सुवस्थित संचालन सहित अन्य परिवाद शामिल हैं।

## तालाब में डूबने से युवक की मौत

**भरतपुर (निस)।** सेवर थाना क्षेत्र स्थित सेक्टर 13 में मछली पकडने गए युवक की पानी में डूबने से मौत हो गई। सूचना मिलते ही सेवर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। शव की तलाश के लिए एसडीआरएफ और सिविल डिफेंस की टीम मौके पर बुलाई और कड़ी मशक्कत के बाद व्यक्ति के शव को पानी से निकाला गया। पुलिस ने मृतक के शव को आरबीएम अस्पताल की मोर्चरी लेकर पहुंचें और पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। सेवर थाना क्षेत्र के गांव रामनगर निवासी मृतक के पिता पॉप सिंह ने बताया कि मेरा बेटा है मुकेश जो मजदूरी का कार्य करता था। प्रतिदिन की तरह घर से मजदूरी करने गया था। लेकिन रास्ते में अपने पांच दोस्तों के साथ सेक्टर 13 में मछली पकडने लग गया। इस समय वह पानी में मछली पकड़ने के लिए उतरा। लेकिन काफी देर तक बाहर नहीं आया। उसके साथियों ने हमें सूचना दी। मेरे साथ बड़ी संख्या में ठाामीण मौके पर पहुंचे और फिर हम लोगों ने सेवर पुलिस को सूचना दी। सेवर पुलिस ने मौके पर पहुंची। सेवर थाना प्रभारी अनिल जसोरिया ने बताया कि मौके पर सिविल डिफेंस और एसडीआरएफ की टीम को मौके पर बुलाया। जिन्होंने सर्च ऑपरेशन चलाकर मृतक के शव को बाहर निकाला। जिसके बाद शव को जिला आरबीएम अस्पताल की मोर्चरी में भिजवाया गया।

## गौ ध्वज स्थापना भारत यात्रा का पोस्टर जारी




पोस्टर का विमोचन करते भाजपा नेता हेमेंत शर्मा।

**गंगापुर सिटी ।** गौ सेवार्थ सुंदरकांड एवं संकीर्तन समिति के तत्वाधान में शुक्रवार को आयोजित गौ ध्वज स्थापना भारत यात्रा का नसिया कॉलोनी स्थित कुहू इंटरनेशनल स्कूल में पोस्टर विमोचन किया गया। गौ सांसद टोंक -सवाई माधोपुर भानु पारीक ने बताया कि गुरूवार को गौ माता को राष्ट माता का दर्जा दिलाने और कत्लखाने बंद कराने के उद्देश्य से 18 अक्टूबर शुक्रवार को जयपुर में गौ-प्रतिष्ठा आंदोलन के तहत गौ-ध्वज स्थापना भारत यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। जिले भर से लोगों को आंदोलन में चलने को लेकर चर्चा की गई एवं कार्यक्रम का पोस्टर विमोचन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि एक दिन के लिए हमें भी गौ माता के प्रति अपना कर्ज चुकाने का प्रयास करना चाहिए। 18 अक्टूबर शुक्रवार को आयोजित इस यात्रा में ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगदुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के मार्गदर्शन में संत समाज और सनातन धर्म प्रेमी शामिल होंगे। सभी गौभक्तो से अपील की गई कि वे प्रातः11 बजे विद्याधर नगर स्टेडियम जयपुर में एकत्र हों और अपनी एकता व शक्ति का प्रदर्शन करें। कुहू स्कूल के निदेशक एवं भाजपा नेता डॉ हेमंत शर्मा ने कहा कि यदि हम अब भी नहीं जागे तो भविष्य में गौ माता केवल चित्रों में ही दिखाई देगी। सारे तीर्थ बारम्बार, गौ माता के लिए चलो जयपुर एक बार। बैठक एवं विमोचन कार्यक्रम में गौ सांसद भानु पारीक, डॉ हेमंत शर्मा, मोहन लाल प्रजापत, रणजीत बना,राजीव नाटानी, लक्ष्मण बेनीवाल, दुर्गेश शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।


MAHARAJA SURAJMAL BRIJ UNIVERSITY, BHARATPUR
(Government of Rajasthan)
Chak Sakeetra, Kumher, Bharatpur – 321201, Rajasthan (INDIA)

ADMISSION ANNOUNCEMENT: 2024-2025

Only few seats left

Website: www.msbrijuniversity.ac.in
Apply at: www.msbuadmission.in
Email: admission@msbrijuniversity.ac.in
Mobile No.: 7073426983, 8302115593

Direct Admission on Merit Basis | Course as Per NEP-2020 | Reservation of Seats as per Govt. Rules

- MSBU, Bharatpur reserves the right to revise, amend, update, or delete any part of this advertisement without any prior notice. Any change so made shall
- be updated on the admission website. All the proposed courses are in accordance with the National Education Policy 2020. (UG Courses: 4 Years; PG
- Courses: 2 Years; Integrated Courses: 5 Years; Ph.D.: 3-5 Years)

Courses Offered — Scholarship to Meritorious Students & Poor

1. Institute of Library & Information Sciences
Faculty of Arts
- Bachelor of Library & Information Sciences B.L.I.Sc. (Hons.)
- Bachelor of Arts - Bachelor of Library & Information Sciences B.A.- B.L.I.Sc (Hons.)
- Master of Library & Information Sciences M.L.I.Sc.
- Ph.D. Library & Information Sciences

2. Institute of Forensic Science and Criminology
Faculty of Science
- B.Sc. (Hons.) Forensic Sciences
- Integrated B.Sc.-M.Sc. Forensic Sciences
- M.Sc. Forensic Sciences
- Ph.D. Forensic Sciences

3. Institute of AYUSH
(Ayurveda, Yoga & Naturopathy, Unani, Siddha, Sawa Rigpa and Homeopathy)
Faculty of Medical and Public Health Sciences
- Bachelor in Yogic and Naturopathy Sciences B.Y.N.S. (Hons.)*
- Integrated B.Sc.-M.Sc. Yogic and Naturopathy Sciences
- M.Sc. Yogic and Naturopathy Sciences
- Ph.D. Yogic and Naturopathy Sciences

4. Institute of Physical Education and Sports
Faculty of Arts
- Bachelor of Applied Exercise Physiology B.A.E.P. (Hons.)
- Master of Sports Management M.S.M.
- M.Sc. Sports Biomechanic and Kinesiology
- M.A. Sports Psychology & Sociology
- Master of Sports Technology
- Diploma in Sports Event Management (DSEM)
- PG Diploma in Sports Journalism (PDGSJ)
- PG Diploma in Disabiliy Sports (PGDDS)
- Ph.D. in Sports

World Class Digital Library
Modern Teaching Facilities
International Exchange Programmes
Nobel Laureates as Faculty Members
Hostels for Girls & Boys
Free Bus Service from Bharatpur to reach Campus

Last Date to Apply:- 15 November, 2024 or 20 Days from the date of publication of advertisement in employment news.

* These Courses will commence from academic year 2025-26 after due approval of Regulatory Bodies

Raj.Samwad/C/24/6662

# सरकारी स्कूल की चारदीवारी को लेकर दो पक्षों में हुआ झगडा

## दोनों पक्षों की ओर से फायरिंग की घटना भी की गई

**कामां भरतपुर** (निस)। स्कूल की चारदीवारी खुदवाने पर दो पक्षों में मारपीट हो गई। दस दिन पूर्व सरपंच इशाक व प्रशासनिक अधिकारियों ने पैमाईश कर चारदीवारी की नींव खोद कर निर्माण कार्य सामग्री मौके पर डलवाई लेकिन दस दिन बीत जाने पर पर निर्माण कार्य शुरू नहीं कराया जिसके बाद बुधवार को सुबह जेसीबी मशीन की सहायता से बीना पैमाईश कराए दुसरे पक्ष के खेत की जमीन पर चारदीवारी की नींव खोदना शुरू करने वाले थे तभी दूसरे पक्ष रूजमल ने नींव खोदने की मना कर दिया और विरोध करने लग गए। जबकि दोनों पक्षों की सहमति व प्रशासनिक अधिकारियों की पैमाइश से दस दिन पूर्व चारदीवारी की नींव खोदी गई थी लेकिन दस दिन बाद दूसरे पक्ष की जमीन पर लठ्ठ व ताकत के ज़ोर पर नींव खुदाई करना चाहता था । इसी को लेकर दोनों पक्षों में झगडा हो गया और दोनों पक्षों की तरफ से फायरिंग की घटना को अंजाम दिया गया। घटनाक्रम की सुचना पर कैथवाडा थानाधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले को गंभीरता से लेते हुए जाप्ता तैनात कर शान्ति व्यवस्था बनाई गई।

घटना के बाद रूजमल कैथवाड़ा थाने पर अपनी परिजनों के साथ पहुंचा जिसमें तहरीर में बताया कि राजकीय विद्यालय के पास उसका खातेदारी की जमीन है, इसाक सरपंच विद्यालय की चारदीवारी करवाना चाहता है जिसमें दस दिन पूर्व सरपंच ने प्रशासनिक अधिकारियों पटवारी की मौजूदगी में जमीन की सभी लोगों की सहमति के अनुसार पैमाईश कराई । पैमाईश होने के बाद विद्यालय की जमीन पर चारदीवारी कराने के लिए निशान लगाकर नींव खुदवाई गई साथ ही निर्माण कार्य करने के लिए निर्माण सामग्री भी उपलब्ध कराई लेकिन दस दिन बीत जाने के बाद सभी की सहमति होने पर भी निर्माण कार्य शुरू नहीं कराया गया जिसके बाद बुधवार को सुबह पूर्व में की गई पैमाईश को छोड़ पुनः पैमाईश कर उक्त निशाना से 20 फीट दुरी पर निशाना लगाकर नींव खोदनी चाही लेकिन निजी खाताधारक रुजमल ने इसका विरोध कर दिया और कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में दस दिन पूर्व जो पैमाईश कर नीव खोदी गई उसी पर निर्माण कार्य करे हमारी निजी खातेदारी की जमीन पर नहीं। जिसके बाद दोनों पक्षों में गाली गलौज हो गई जिस पर कैथवाडा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले को शांत कराया,जिस पर दोनों पक्ष अपने अपने घर चलें गए। कुछ घंटे बाद इसाक सरपंच पक्ष के लोगों ने एक राय मशविरा कर रुजमल को उसके खेत पर जाकर घेर लिया और उसके साथ मारपीट की।



कैथवाडा में सरकारी जमीन के पास चारदीवार खुदवाने के दौरान दो पक्षों में झगडा हो गया।

- झगडे की सूचना पर कैथवाडा पुलिस ने मौके पर पहुंच शांति कायम की

## जनसुनवाई में 19 समस्याएं दर्ज

**डीग** (निस)। त्रिस्तरीय जनसुनवाई के तहत गुरुवार को जिला स्तरीय जनसुनवाई अतिरिक्त जिला कलक्टर संतोष कुमार मीणा की अध्यक्षता में पंचायत समिति सभागार में आयोजित की गई। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर ने आमजन की परिवेदनाओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को इनके शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिये। एडीएम ने संपर्क पोर्टल पर परिवादों का एक सप्ताह में निस्तारण करने व परिवादों के निस्तारित में विलंब करने पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि परिवाद निस्तारण होने के पश्चात आवश्यक दस्तावेज संपर्क पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिया। जनसुनवाई में राजस्थान सरकार के मुख्य सचिव सुधांश पंत भी वीसी के माध्यम से जुडे। उन्होंने विभिन्न जिले के जिला कलेक्टर से संवाद कर उर्वरक की मौजूदा आपूर्ति को कुशलतापूर्वक प्रबंधित करने के निर्देश दिये। वीसी में बताया गया कि इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी उर्वरक की आपूर्ति पर्याप्त नहीं है। इसलिए कृषि विभाग के अधिकारी राजस्व विभाग के साथ मिलकर यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक किसान को कृषि प्रयोजन के लिए पर्याप्त उर्वरक मिले। जिला स्तरीय जनसुनवाई में कुल 19 प्रकरण प्राप्त हुए।

## सार-समाचार

### वाल्मीकजी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा



सर्व समाज के सहयोग से भगवान वाल्मीक की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा गई।

**भरतपुर** (निस)। सर्व समाज के सहयोग से मथुरा गेट बाल्मीकि बस्ती, शेरा वाली मंदिर के सामने भगवान वाल्मीक की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा करके स्थापना की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनता आन्दोलन के संयोजक राघवेन्द्र सिंह ने की। मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा एवं उद्घाटन खाटू श्याम मंदिर के महन्त रोहित महाराज एवं सौतन वाले हनुमान घना के बाबा गरीबादास के कर कमलों द्वारा की गई। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए अध्यक्ष राघवेन्द्र सिंह ने कहा कि भगवान बाल्मीक रामायण के रचयिता एवं आस्था का केन्द्र एवं आदीऋषि हैं। आज इनकी मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में शामिल होकर गौरवान्वित महसूस कर रहा हूॅ। साथ ही सभी समाज से अपील है कि भगवान बाल्मीक के बताये हुए मार्ग पर चलें एवं राम काज में आगे रहें। मुख्य अतिथि रोहित महाराज एवं गरीबादास ने भी जन समुदाय को सम्बोधित करते हुए कहा कि अपने धर्म का पालन करें एवं भगवान बाल्मीक के बताये मार्ग पर चलें, जिससे आने वाली पीढ़ी भगवान बाल्मीक के आदर्शों को अपनाये और राम काज में सहयोग करें। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सहयोग करने वालों में शेखर चौहान, रोहित, कार्तिक, अर्जुन, मनीष, गोलू, बल्लू, रंजीत, दयालु, अनिल, शिवराज आदि के अलावा सैंकड़ों की संख्या में समाज के लाग उपस्थित रहे।

### 'मिट्टी से बने दीपक का करें उपयोग'

**करौली** । जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सैना ने जिलेवासियों से अपील की है कि दीपावली के पावन पर्व पर मिट्टी के दीये व मिट्टी से बने अन्य सामान का उपयोग अधिक से अधिक किया जाय। जिला कलेक्टर ने इसके अलावा जिले के समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अपने अधीनस्थ कार्मिक, अधिकारियों को मिट्टी के दीपक व मिट्टी से बने अन्य सामान उपयोग में लिये जाने हेतु निर्देशित करें।

### करौली पुलिस चौकी का स्टाफ बदला

**करौली** । करौली जिला पुलिस अधीक्षक ने एक आदेश जारी करौली शहर टाउन पुलिस चैकी के स्टाफ को बदल दिया गया है। जिला पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय ने आदेश जारी करते हुए चैकी पर कार्यरत एएसआई महेश शर्मा को कोतवाली थाने पर लगाया गया है वहीं अब उनके स्थान पर एएसआई हरिसिंह को पुलिस चैकी प्रभारी के पद पर लगाया गया है इसके अलावा अन्य कांस्टेबलों को भी हटाते हुए हैड कांस्टेबल कमलराम,कांस्टेबल अमित चतुर्वेदी,कांस्टेबल जगदीश और कांस्टेबल प्रदीप कुमार को शहर टाउन चैकी पर लगाया गया है।

### शर्मा सहायक लेखाधिकारी सम्मानित

**भरतपुर** (निस)। महामहिम राज्यपाल,राजस्थान सरकार के विशिष्ट आतिथ्य एवं केंद्रीय जनजाति मंत्री दुर्गादास के मुख्य आतिथ्य में जवाहर कला केन्द्र,जयपुर में अंतर्राष्ट्रीय रीमा विश्वविद्यालय द्वारा अयोजित गरिमापूर्ण समारोह में कृषि उपज मण्डी समिति, भरतपुर के सहायक लेखाधिकारी ठोड ए के के शर्मा को अंग वस्त्र, ओढ़ाकर राजकीय कर्तव्यों के निर्वहन में उत्कृष्टता के लिए सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम अंतर्राष्ट्रीय जनजाति संस्कृति समारोह 2024 एवं जनजाति संस्कृति रक्षा और वैश्विक जनजाति परिदृश्य पर संवाद की थीम पर अयोजित किया था। कार्यक्रम में भरतपुर से कृषि उपज मण्डी समिति के सचिव कौशल कुमार शर्मा भी उपस्थित रहे।

### दो आरोपियों को पकडा

**भरतपुर** (निस)। उद्योगनगर पुलिस द्वारा कार्यवाही कर रिको एरिया स्थित पीएनबी बैंक में 12 जनवरी 24 को बैक में दिनदहाडे लूट करने के मामले में 2 आरोपियों को वापर्दा गिरफतार किया गया। जिला पुलिस अधीक्षक भरतपुर मृदुल कच्छावा के निर्देशन में वांछित अपराधियों की धरपकड अभियान के तहत अति. पुलिस अधीक्षक भरतपुर मुख्यालय लालचन्द कायल आरपीएस व वृताधिकारी वृत ठामीण आकांक्षा के सुपरविजन में थानाधिकारी हनुमान सहाय मय गठित टीम द्वारा थाना उद्योगनगर के प्रकरण में न्यू रीको पीएनबी बैंक से 24380 रूपये लूट कर ले जाने के मामले में 2 आरोपियों को वार्पदा गिरफतार किया है।

### हनुमान कवच पाठ का समापन

**भरतपुर** (निस)। हीरादास स्थित मन्दिर श्री हनुमान जी महाराज शंकरवन आश्रम में आयोजित किये गये 41 दिवसीय अखण्ड श्री ग्यारह मुखी हनुमान कवच पाठ का समापन गुरूवार पूर्णमासी के दिन हुआ। मन्दिर के महन्त सुखराम दास महाराज के सानिध्य में आयोजित हुये इस कार्यक्रम के समापन पर मन्दिर प्रांगण में भण्डारे का आयोजन करके 108 कन्याओं को भोजन प्रसादी खिलाकर दान दक्षिणा देकर विदा किया गया। इस मौके पर मन्दिर में पाठ पूजा, यज्ञ तप के कार्यक्रमों का आयोजन कर भव्य फूल बंगला झांकी भी सजायी गयी। कार्यक्रम में सचिन सोनी राज रसोईया, संजय शुक्ला पार्षद, दिनेश दुर्रानी, इन्दल पंडित, गौरव चौधरी, नवीन करौला, सियाराम पटेल, अंकुर सोनी आदि ने सहयोग किया।

### समस्याओं के समाधान की मांग

**भरतपुर** (निस)। पीगौरा गांव के लोगों ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन देकर गांव की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग की। ज्ञापन में बताया कि गांव में बैंक की बहुत आवश्यकता है। इसलिए बैंक खुलवाया जाए। गांव में डिठी कॉलेज खुलवाया जाए। गांव में सार्वजनिक बैठक के लिए सामुदायिक भवन बनवाया जाए। गांव की परिक्रमा मार्ग पर पक्की सडक व नालियों का निर्माण कराया जाए। हाइवे तक गांव की सडक को डबल रोड बनवाया जाए। जिला मुख्यालय एवं तहसील मुख्यालय जाने के लिए परेशानी उठानी पडती है। इसलिए रोडवेज बस की सुविधा शुरू की जाए। पींगौरा से अटारी वाले रास्ते का डामरीकरण करवाया जाए।

### बैठक कल

**भरतपुर** (निस)। जिला कांठोस कमेटी भरतपुर की साधारण सभा की एक आवश्यक बैठक परसों 19 अक्टूबर शनिवार को दोपहर 12 बजे भरतपुर में सारस चौराहा स्थित होटल ईगल नेस्ट पर आयोजित की जावेगी। जिला कांठोस संगठन महासचिव योगेश सिंघल ने बताया कि जिलाध्यक्ष दिनेश सूपा की अध्यक्षता में आयोजित होने वाली इस बैठक में प्रदेश कांठोस कमेटी द्वारा प्राप्त संगठनात्मक मुद्दों पर चर्चा की जावेगी। बैठक में समस्त जिला एवं ब्लॉक कांठोस के पदाधिकारी,पीसीसी सदस्य, वर्तमान एवं पूर्व सांसद एवं विधायक, निकाय एवं पंचायतों के समस्त जनप्रतिनिधीग़ण तथा अठिम संगठनों के पदाधिकारी तथा समस्त कांठोसजनों को शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है।

### हादसे में एक दर्जन मजदूर घायल

**भरतपुर** (निस)। उद्योग नगर थाना क्षेत्र में धौरमुई के पास एक टाटा मैजिक गाडी पलटने से उसमें सवार करीब एक दर्जन मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए जिला आरबीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनका उपचार जारी है। अधिकतर मजदूर यूपी के प्रयागराज व मिर्जापुर के रहने वाले बताए गए हैं। घायलों में से एक व्यक्ति ने बताया कि वे सब रेलवे के ट्रेक का कार्य करते हैं। सभी भरतपुर से गाडी से मुढैसी की ओर रवाना हुए थे। जहां रास्ते में धौरमुई के समीप अचानक उनकी गाडी का ब्रेक फेल हो गया। गाडी अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें गाडी में सवार मोहम्मद इकबाल, वकील, सनी, संजय, नीरज, जयप्रकाश, संजय, अंकित गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए जिला आरबीएम अस्पताल पंहुचाया गया।

## औषधि का नि:शुल्क वितरण किया

**भरतपुर** (निस)। शरद पूर्णिमा के अवसर पर एलर्जी, दमा एवं श्वास रोग से बचाव एवं चिकित्सा में लाभदायक औषधि का नि:शुल्क वितरण श्री गिर्राज आरोग्य सेवा समिति द्वारा समिति कार्यालय पर किया गया। जिसमें 700 से अधिक लोगों ने लाभ उठाया।इस अवसर पर औषधि लेने आए लोगों को एलर्जी, दमा एवं श्वास रोग से बचने एवं रोग की अवस्था में स्वस्थ रहने हेतु आयुर्वेद विभाग के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ चन्द्र प्रकाश दीक्षित ने बताया कि ऋतु परिवर्तन के अवसर पर खान-पान एवं दिनचर्या में बदलाव रखते हुए खट्टे एवं चिकने पदार्थों से परहेज़ करते हुए ठंडी चीजों से बचें एवं धूल धुआं एवं बीड़ी सिगरेट तंबाकू आदि से बचने की आदत बनाने की सलाह दी। डॉ दीक्षित ने बताया कि शरद पूर्णिमा के अवसर पर चन्द्रमा की शीतल किरणें पृथ्वी के निकट होने से रात में बनाई गई खीर में पीपल, अर्जुन छाल, मुलहठी आदि मिश्रण से तैयार औषधि को खीर में मिलाकर चांदनी में ठंडी कर सेवन करने से एलर्जी, दमा एवं श्वास रोग में फायदेमंद रहती है। इस अवसर सभी को एलर्जी दमा एवं श्वास रोग में नुकसान दायक बीड़ी सिगरेट तंबाकू गुटखा को छोड़ने एवं उपयोग नहीं करने का संकल्प दिलाया गया।समिति अध्यक्ष नेमीचंद शर्मा ने बताया कि समिति द्वारा पंद्रह साल से शरद पूर्णिमा के अवसर पर औषधि का नि:शुल्क वितरण किया जा रहा है। जिसका लाभ आमजन में होता देखा जा रहा है।

## नेत्र रोग से बचाव के लिए जागरूक

**करौली** । विश्व दृष्टि दिवस जिले के चिकित्सा संस्थानों पर बनाया गया, जहां रोग विशेषज्ञों द्वारा नेत्र रोग संबंधी जानकारी से अवगत कराया । मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ दिनेश चंद मीना ने बताया गया कि प्रतिवर्ष अक्टूबर माह में विश्व दृष्टि दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर एक दिवस में 100 से अधिक रोगियों की स्क्रीनिंग कर नेत्र रोग पाए जाने पर उपचार किया गया। डिप्टी सीएमएचओ हेल्थ डॉ ओपी मीणा ने बताया कि राष्ट्रीय अंधता एवं दृष्टि क्षीणता नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत नेत्र सुरक्षा के उपायों की आईईसी चिकित्सा संस्थानों पर प्रदर्शित कराई गई है जिसमें नेत्र सुरक्षा के उपाय, मोतियाबिंद के संकेत, ग्लूकोमा के संकेत और ग्लूकोमा के प्रकार सहित नेत्रदान जागरूकता संबंधी जानकारी मौजूद है।

## सरपंचों ने किया वन स्टेट वन इलेक्टशन का विरोध, कलेक्टर को सौपा ज्ञापन

**गंगापुर सिटी** । सरपंचों ने वन स्टेट वन इलेक्शन का विरोध करना शुरू कर दिया है। सरपंच संघ राजस्थान के बैनर तले गंगापुर जिले की बुधवार को पंचायत समिति के सभागार में हुई बैठक में सरपंचों ने सर्वसम्मति से राज्य सरकार की वन स्टेट वन इलेक्शन की घोषणा का विरोध करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि इस घोषणा की पालना के लिए किसी भी चुने हुए जनप्रतिनिधि का ना तो कार्यकाल कम किया जाना चाहिए और जिन जनप्रतिनिधियों का कार्यकाल पूरा हो रहा है वहां पर प्रशासक नहीं लगाकर वर्तमान जनप्रतिनिधियों को ही अधिकार देते हुए यथावत रखना चाहिए। सरपंच संघ राजस्थान के मुख्य प्रवक्ता रफीक पठान ने बताया कि राज्य व केंद्र सरकार द्वारा ग्राम पंचायत में विकास के लिए दिए जाने वाला फंड भी लंबे समय से नहीं दिया गया है, उसे भी शीघ्र जारी किया जाए। महानरेगा सामग्री मद का जो पैसा बकाया है, वह केंद्र सरकार से राज्य सरकार के पास आ चुका है, लेकिन राज्य सरकार द्वारा उसे अभी तक संवेदकों के खाते में नहीं डाला है, ऐसे में इस राशि को भी संवेदकों के खातों में डाला जाए। जल जीवन मिशन के संचालन के लिए अतिरिक्त फंड दिया जाए और ठेकेदार द्वारा जो घटिया निर्माण व आदि अधूरी योजना बनाकर छोड दिया है उसकी जांच कर ग्राम पंचायत को सौंपी जाए। बैठक में मुख्य रूप से सरपंच संघ राजस्थान के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष नेमीचंद मीणा, रोशन अली, मुख्य प्रवक्ता रफीक पठान झालावाड जिलाध्यक्ष अर्जुनसिंह गौड, बूंदी जिलाध्यक्ष आनंदीलाल मीणा, टोंक जिलाध्यक्ष मुकेश मीणा, सवाई माधोपुर अध्यक्ष बाबूलाल मीणा, झालावाड ब्लॉक अध्यक्ष कमलेश पाटीदार सहित कई वक्ताओं ने अपने विचार रखे। बैठक में प्रमुख रूप से ब्लॉक अध्यक्ष लखन माली, घमंडी लाल मीणा, प्रेमचंद मीणा राम खिलाडी, छुट्टन लाल मुरारी लाल राजेन्द्र मीना सहित कई सैकडों सरपंच उपस्थित थे। इसके बाद सभी नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे और यहां पर कलेक्टर डॉक्टर गौरव सैनी को मांगों की संबंध में ज्ञापन सौंपा।

## वाल्मीकि वन्दन कार्यक्रम मनाया

**भरतपुर** (निस)। रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय भरतपुर में प्राचार्य प्रोफेसर सुजाता चौहान की अध्यक्षता में वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य में "वाल्मीकि वन्दन" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम प्राचार्य द्वारा आदि कवि वाल्मीकि के चित्रपट पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। मुख्य वक्त प्रोफेसर लाला शंकर गयावल ने आदि कवि वाल्मीकि के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा उत्कृष्ट समाज व्यवस्था, लोक कल्याण, परोपकार एवं मूल्य परक जीवनोपयोगी शिक्षा पर विस्तारपूर्वक व्याख्यान दिया गया। उन्होंने बताया कि रामायण एक आदर्श महाकाव्य है। इस अवसर पर महाविद्यालय के संकाय सदस्यों में डॉ. करुणा गौर, डॉ. मधु शर्मा डा. निशा गोयल, डा. अंजु पाठक डॉ. अलका गोयल, दीवान सिंह, नटवर सिंह, अंशु गुप्ता, मनीष पुरी एवं छात्राएँ उपस्थित रहीं।

## ठाकुरजी को लगाया 31 किलो खीर का भोग

**भुसावर भरतपुर** (निस)। कस्बे भुसावर सहित आसपास के ग्रामीण अंचल के विभिन्न मंदिरों एवं घरों में शरद पूर्णिमा का पर्व धूमधाम एवं हर्षोल्लास पूर्वक विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन करते हुए शरद पूर्णिमा का पर्व मनाया गया। जहां भक्त मंडल, जन सहयोग से एकत्रित की गई सामठाी दूध, चावल, चीनी, बादाम पिस्ता, अखरोट, इलायची से निर्मित खीर बनाकर बुधवार रात्रि को चंद्रमा की चांदनी में खीर को रखकर ठाकुर जी को भोग लगाया। वहीं कस्बे के हिंडौन सड़क मार्ग स्थित प्राचीन कोठी वाले हनुमान जी मंदिर के प्रांगण में मंदिर के महंत महेश शर्मा जती के नेतृत्व में एवं भक्त मंडल और जन सहयोग से 31 किलो सामग्री से निर्मित खीर बनाकर चंद्रमा की चांदनी में रखकर चंद्रमा की चांदनी से शीतल हुई खीर का ठाकुर जी को भोग लगाकर आज गुरुवार को अल सुबह 5 हनुमान जी, देवी मैया, शिव परिवार, विष्णु भगवान, भैरव बाबा सहित मंदिर प्रांगण में विराजमान देवी देवताओं की विशेष पूजा अर्चना करते हुए महा आरती के बाद खीर प्रसादी का भोग लगाकर श्रद्धालुओं को वितरण किया गया। जहां मंदिर प्रांगण हरे रामा हरे कृष्णा की गूंज एवं घंटे घड़ियालों के स्वर से पूरा वातावरण गूंजायमान एवं भक्तिमय हो गया। जहां श्रद्धालुओं ने ठाकुर जी के दर्शन कर खीर प्रसादी का भोग ठाहण करते हुए ठाकुर जी से परिवार में सुख, शांति, समृद्धि की प्रार्थना करते हुए क्षेत्र में खुशहाली के साथ विश्व कल्याण की मनोकामनाएं मांगी गई। वहीं कस्बे के विश्वकर्मा मंदिर पर मंदिर के पुजारी राघवेंद्र शर्मा जती एवं मंदिर की व्यवस्थापक राम लल्लू के सानिध्य में एवं भक्त मंडल और जन सहयोग से ठाकुर जी को खीर का भोग लगाकर वितरण किया गया। इस अवसर पर सभी भक्तों का सराहनीय सहयोग रहा जिन्होंने खीर पर प्रसादी वितरण में अपना सहयोग प्रदान किया।

## हास्य, व्यंग्य रस की कविताएं गूंजी

**भरतपुर** (निस)। जसवंत प्रदर्शनी एवं पशु मेला के तत्वावधान में सांस्कृतिक कार्यक्रम की कडी में अंतिम कार्यक्रम के रूप में अखिल भारतीय राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसका संचालन राष्ट्रीय हास्य कवि लटूरी लठ्ठ द्वारा बडे उत्साह के साथ किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम समिति के सचिव डॉ. नरेन्द्र सिंह एवं उप सचिव हेमन्त शर्मा ने व्यवस्था को अंजाम देते हुए बताया कि वैसे तो सभी कार्यक्रम बहुत अच्छे रहे कवि सम्मेलन में सर्व प्रथम मॉ शारदे के समक्ष दीप जलाकर कवियत्री तुषार शर्मा मेरठ द्वारा शारदा को प्रणाम करते हुए प्रोग्राम को सफल बनाने की कामना की। कवि सम्मेलन में 10 चुनिन्दा कवियों में काव्य की विभिन्न विधाओं में हास्य व्यंग्य, शृंगार, वीर रस की रचनाओं को सुनाकर श्रोताओं को खूब गुदगुदाया एवं भार विभोर किया। राष्ट्रीय कवियों में अशोक भाटी उज्जैन, आसीश अनल लखीमपुरा, मीरा दीक्षित हाथरस आदि कवियों ने भाग लिया।

## अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट शर्मा का सम्मान

**भरतपुर** (निस)। विभिन्न सामाजिक संगठनों की ओर से श्री ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी कौशलेश शर्मा के नेतृत्व में समाज के कर्तव्यनिष्ठ एवं ईमानदार प्रशासनिक अधिकारी के रूप भरतपुर पदस्थापन पर अतिरिक्त जिला कलक्टर घनश्याम शर्मा का साफा, माला, दुपट्टा पहनाकर एवं श्री बांके बिहारी जी की प्रतिमा भेंटकर स्वागत सम्मान किया गया। सभी उपस्थित सदस्यों ने अतिरिक्त जिला कलक्टर घनश्याम शर्मा को भरतपुर पदस्थापन पर बधाई व शुभकामनाएं देते हुए, इनके उज्जवल भविष्य एवं दीर्घायु कामना की। श्री ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष कौशलेश शर्मा ने इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर घनश्याम शर्मा से भरतपुर शहर में रोशनी, सफाई एवं पेयजल व्यवस्था सुचारू बनाए रखने का अनुरोध किया। उन्होंने बताया कि उनके ईमानदार कर्तव्यनिष्ठ व्यक्तित्व से सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। सम्मान कार्यक्रम में श्री ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष व वरिष्ठ समाजसेवी कौशलेश शर्मा, डीओआईटी के अतिरिक्त निदेशक कमल किशोर शर्मा, रांगेय राघव कॉलेज के निदेशक एवं वरिष्ठ समाजसेवी शिशुपाल लवानियां, विप्र फाउंडेशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ईश्वरी प्रसाद शर्मा, समता आंदोलन के जिलाध्यक्ष केदारनाथ पाराशर, भरतपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी तपन शर्मा, अन्नपूर्णा रसोई के संचालक विष्णुदत्त शर्मा, राज.रोडवेज सेवानिवृत कर्मचारी संघ के संभागीय अध्यक्ष दिनेश शर्मा जघीना, सेवानिवृत्त सहायक अभियंता इंजी. देवकीनंदन शर्मा, श्री ब्राह्मण समाज, तिलक नगर के वरिष्ठ सदस्य पंडित बनवारीलाल शर्मा, वाइस प्रिंसिपल बाबूलाल कटारा, समाजसेवी मुकेश तिवारी बयाना, राजेंद्र दण्डौतिया सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं स्टाफ के अन्य सदस्य भी शामिल हुए।

## विचार गोष्ठी का आयोजन

**भुसावर भरतपुर** (निस)। कृषि महाविद्यालय भुसावर पर गुरूवार को अन्तर्राष्ट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवस के उपलक्ष में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के डीन डॉ. उदय भान सिंह ने कहा कि गरीबी विष्व की प्रमुख समस्या है। इसमें किसी व्यक्ति या परिवार की आय की कमी और गरिमापूर्ण जीवन जीने के लिए बुनियादी क्षमताओं की कमी शामिल है। गरीबी के कारण लोग असुरक्षित आवास, पोष्टिक भोजन की कमी, स्वास्थ्य सेवाओ तक सीमित पहुँच, खतरनाक कार्यपरिस्थितियां, न्याय तक आसान पहुँच और राजनैतिक शक्ति की कमी का सामना करते हैं। गरीबी के कारण बच्चों का शारीरिक व मानसिक विकास नही हो पाता तथा गरीब परिवार का समृद्ध लोगो द्वारा शोषण किया जाता है। भारत के ज्यादातर किसान व असंगठित क्षेत्र के मजदूर गरीब है। जनसंख्या वृद्धि के कारण खेती की जोत छोटी होती जा रही है, किसानो की आधुनिक कृषि तकनीकी तक पहुँच नही हो पा रही है तथा खेती को विभिन्न प्राकृतिक प्रकोपों का सामना करना पडता है। डॉ. उदय भान सिंह ने कहा कि गरीब परिवारो को संतुलित भोजन, षिक्षा, स्वास्थ्य, आवास और न्याय उपलब्ध करना समाज की जिम्मेदारी है। डॉ. राहुल कुमार ने कहा कि हर व्यक्ति को गरीबी की मानसिकता का त्याग करना चाहिए।

## देर शाम तक हुए हरिकीर्तन दंगल

### पद दंगल कलाकारों ने स्वरचित रचनाओं से दर्शकों का मन मोह लिया

**सपोटरा** करौली । ग्राम पंचायत नारौली डांग के श्री कोठी वाले बालाजी मंदिर परिसर में आम बस्ती की ओर से चल रहे चार दिवसीय विशाल हरीकीर्तन व पद दंगल में कई पार्टियों ने भाग लेकर धार्मिक और पौराणिक कथाओं पर आधारित गीतों की प्रस्तुति दी।

हरी कीर्तन दंगल के दूसरे दिन देवफूल एण्ड पार्टी पहाडपुरा,कमल व रमेश एण्ड पार्टी खानपुर व रामलाल भोले एण्ड पार्टी औडच, रामनिवास व नरेश एण्ड पार्टी जीरोता की कीर्तन पार्टियों के गायक कलाकारों के द्वारा धार्मिक एवं पौराणिक कथाओं के आधार पर स्वरचित रचनाएं प्रस्तुत की। जिन्हें सुनकर श्रोता भावविभोर हो गए।दंगल शुरू होने से देर शाम तक लोगों की भीड जमा रही। दंगल में लोंगो की भीड देखते ही बन रही थी। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि लोगो की इस दंगल के प्रति जबरदस्त उत्साह है।हरिकीर्तन दंगल के समापन पर गांव के पंच-पटेलों व कमेटी के सदस्यों ने पार्टियों के कलाकारों का माला पहनाकर व साफा बांध स्वागत किया गया। वहीं शुक्रवार से श्री कोठी वाले बालाजी मंदिर के प्रांगण में दो दिवसीय पद दंगल का आयोजन किया जावेगा।जिसमें पद पार्टी जगन एण्ड पार्टी डेंडान, झंडुराम एण्ड पार्टी शेखपुरा व छुट्टन एण्ड पार्टी झारेडा व दिनेश सैनी एण्ड पार्टी भूडा उकेरी भाग लेंगी।जिसमें पार्टियां धार्मिक एवं पौराणिक कथाओं पर आधारित रचनाओं की प्रस्तुतियां देंगी।

- पद दंगल में धार्मिक व पौराणिक कथाओं पर आधारित गीतों की प्रस्तुति दी
- हरिकीर्तन दंगल के समापन पर गांव के पंच-पटेलों व कमेटी के सदस्यों ने पार्टियों के कलाकारों का माला पहनाकर व साफा बांध स्वागत किया




ग्राम पंचायत नारौली डांग के श्री कोठी वाले बालाजी मंदिर परिसर में पद दंगल में कई पार्टियों ने भाग लेकर धार्मिक और पौराणिक कथाओं पर आधारित गीतों की प्रस्तुति दी।

## 'समस्याओं का निस्तारण कर आमजन को राहत दें'

**भरतपुर** (निस)। जिला स्तरीय जनअभाव अभियोग निराकरण समिति की बैठक एवं जिला स्तरीय जनसुनवाई गुरूवार को डीओआईटी के वीसी कक्ष में जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जनसुनवाई में 25 प्रकरण प्राप्त हुए जिनमें 5 प्रकरण विजिलेंस में दर्ज किये गये। जनसुनवाई के दौरान जयपुर से मुख्य सचिव एवं सम्बंधित अधिकारी वीसी के माध्यम से कार्यक्रम से जुड़े तथा आमजन के परिवाद सुनकर सम्बंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारित करते हुए राहत पहुंचाने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में खाद्य, सड़क, पेयजल, अतिक्रमण, भूमि विवाद, पट्टा प्रकरण, अवैध निर्माण कार्य, चिकित्सा एवं शिक्षा विभाग से सम्बंधित विभिन्न परिवेदनाओं का संज्ञान लेते हुए जिला कलक्टर ने संबंधित उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार, विकास अधिकारी और सम्बंधित अधिकारियों को उचित कार्यवाही कर पालना रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिये गये। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी राजस्थान सम्पर्क पोर्टल, सीएमओ, मुख्यमंत्री जनसुनवाई प्रकोष्ठ एवं जनसुनवाईयों में प्राप्त होने वाले प्रकरणों को संवेदनशीलता से लेते हुए समस्याओं का अंतिम रूप से निस्तारण कर परिवादी की संतुष्टि के बाद ही प्रक्रिया को ड्रॉप करें।



हम केएल राहुल की बैटिंग पोजिशन से ज्यादा छेड़छाड़ नहीं करना चाहते हैं, उसे टीम में नंबर-6 पर जगह मिली है और हम उन्हें इस नंबर पर लंबा रन देना चाहते हैं।

- रोहित शर्मा

भारतीय क्रिकेटर, विराट कोहली के बारे में बोलते हुए।




**आज का खिलाड़ी ▶**



## सौरव गांगुली

**भारत** के सबसे सफल कप्तानों में शुमार सौरव गांगुली को जेएसडब्ल्यू स्पोटर्स ने नया क्रिकेट निदेशक बनाया है। गांगुली आईपीएल में जेएसडब्ल्यू की टीम दिल्ली कैपिटल्स से 2019 में सलाहकार के तौर पर जुड़े और कोच रिकी पोंटिंग के साथ काम किया। बाद में वह कैपिटल्स के क्रिकेट निदेशक बने। गांगुली ने अपनी नयी भूमिका के बारे में यहां जारी विज्ञिप्त में कहा, " मैं जेएसडब्ल्यू समूह और जिंदल परिवार को व्यक्तिगत और पेशेवर तौर पर जानता हूं जिससे यह फैसला लेना आसान हो गया। मुझे खुशी है कि क्रिकेट से जुड़े उनके प्रोजेक्ट में मेरा अनुभव दे सकता हूं।"

**क्या आप जानते हैं ?...** टेस्ट क्रिकेट इतिहास का पहला टेस्ट इंग्लैंड व ऑस्ट्रेलिया के मध्य 1877 में मेलबोर्न में खेलाग या था। इसे ऑस्ट्रेलिया ने 45 रन से जीता था।

# भारत ने तीन विकेट झटके, न्यूजीलैंड की बढ़त 130 के पार

बैंगलुरु, 17 अक्टूबर। तेज गेंदबाजों के दम पर भारत को रिकॉर्ड 46 रन पर समेटने के बाद डेवोन कोंवे के 91 रन की मदद से न्यूजीलैंड ने वर्षा बाधित पहले क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन बृहस्पतिवार को पहली पारी में तीन विकेट पर 180 रन बनाये लिये। डेरिल मिचेल 14 और रचिन रविंद्र 22 रन बनाकर क्रीज पर हैं। न्यूजीलैंड के पास 134 रन की बढत है। इससे पहले मैट हेनरी (15 रन देकर पांच विकेट) और विलियम ओ राउरकी (22 रन देकर चार विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर न्यूजीलैंड ने भारतीय बल्लेबाजी की बखिया उधेड़ दी। एडीलेड टेस्ट की यादें ताजा कराते हुए भारतीय टीम घरेलू टेस्ट में अपने न्यूनतम स्कोर 46 रन पर आउट हो गई थी। इससे पहले भारत में उसका न्यूनतम टेस्ट स्कोर 75 रन था जो 1987 में वेस्टइंडीज के खिलाफ दिल्ली में बनाया था। भारत के पांच बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल सके। आस्ट्रेलिया के 2020 . 21 के दौरे पर एडीलेड टेस्ट में भारतीय टीम 36 रन पर आउट हो गई थी।

भारत को दिन के आखिर में एक और झटका लगा जब रविंद्र जडेजा की टर्न लेती गेंद उनके बायें घुटने से जा लगी। उन्हें मैदान छोड़कर जाना पड़ा। न्यूजीलैंड ने मजबूत शुरूआत की जब कोंवे ने कप्तान टॉम लाथम (15) के साथ पहले विकेट के लिये 67 रन जोड़े। इसके बाद उन्होंने विल यंग (33) के साथ 75 रन की साझेदारी की। बायें हाथ के स्पिनर कुलदीप यादव ने भारत को सफलता दिलाई जब लाथम उनकी गेंद पर पगबाधा आउट हुए।

कॉनवे ने अपना अर्धशतक 54 गेंद में रविचंद्रन अश्विन को सिर के ऊपर से छक्का लगाकर पूरा किया। इस तरह की पिच पर सौ से अधिक गेंद तक एकाग्रता बनाये रखकर खेलना काबिले तारीफ था। अश्विन की गेंद पर रिवर्स स्वीप लगाने के प्रयास में वह बोल्ड हो गए। कोंवे की पारी से पहले कीवी गेंदबाजों के नाम दूसरे दिन का खेल रहा। पहले दिन का खेल बारिश के कारण रद्द हो गया था। बारिश रूकने के बाद खेल बहाल हुआ तो रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया लेकिन कप्तान समेत भारत का कोई बल्लेबाज सहज नजर नहीं आया। रोहित आउट होने वाले पहले बल्लेबाज रहे जो 15 गेंद में दो रन बनाकर पवेलियन लौटे। टिम साउदी की सीम लेती गेंद पर वह चूके और गेंद सीधी स्टम्प पर जा लगी। मैट हेनरी ने सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को काफी परेशान किया।

वहीं तीसरे नंबर पर उतरे विराट कोहली नौ गेंद खेलकर खाता भी नहीं खोल पाये। न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लाथम ने ओ राउरकी को गेंद सौंपी और उन्होंने तुरंत कोहली का कीमती विकेट लिया। कोहली ने उछाल लेती गेंद को खेलना चाहा लेकिन उसकी लैंग्थ पकड़ नहीं पाये और उनके दस्तानों से टकराकर गेंद लेग गली में ग्लेन फिलिप्स के हाथ में गई। शुभमन गिल के चोटिल होने के कारण अंतिम एकादश में जगह पाने वाले सरफराज खान घरेलू क्रिकेट वाला फॉर्म दोहरा नहीं सके।वह तीसरी ही गेंद पर हेनरी को मिड आफ पर खेलने के प्रयास में डेवोन कोंवे को कैच दे बैठे। इस समय भारत का स्कोर तीन विकेट पर 10 रन था। इस बीच 10 . 27 से 11.05 के बीच बारिश के कारण खेल फिर रूक गया।



### पंत चोटिल, ध्रुव ने संभाली विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी

बेंगलुरु में भारत और न्यूजीलैंड के बीच पहला टेस्ट मैच खेला जा रहा है। जहां भारत की शुरुआत बेहद खराब रही वहीं भारत को दूसरा झटका लगा है। दरअसल न्यूजीलैंड की पारी के दौरान भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत चोटिल हो गए जिस कारण उन्हें मैदान से बाहर जाना पड़ा। वहीं उनकी जगह टीम में विकेटकीपर की जिम्मेदारी संभालने ध्रुव जुरेल को आना पड़ा। बता दें कि, जुरेल को प्लेइंग इलेवन में मौका नहीं मिला था। ऋषभ पंत को न्यूजीलैंड की पहली पारी के 37वें ओवर की आखिरी गेंद पर चोट लगी और ये ओवर रविंद्र जडेजा फेंक रहे थे। जडेजा ने डेवोन कॉनवे को ये गेंद फेंकी थी और ये गेंद काफी तेजी से साथ घुमी थी जिस पर कॉनवे चकमा खा गए। ये गेंद लगभग ऑफ स्टंप को छूती हुई पीछे निकली जिसे पंत कलेक्ट नहीं कर पाए और वो उनसे घुटने पर जाकर लग गई।

### बेंगलुरु टेस्ट में टीम इंडिया के नाम हुआ शर्मनाक रिकॉर्ड

बेंगलुरु में भारतीय क्रिकेट टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में सरेंडर मूड में नजर आई और उन्होंने घर पर सबसे शर्मनाक प्रदर्शन किया। तू चल मैं आया कि तर्ज पर टीम के बल्लेबाज आउट होते रहे और आखिरकार 46 रन पूरी टीम सिमट गई। पहले दिन का खेल रद्द होने के बाद फैंस को टीम इंडिय से ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की उम्मीद थी लेकिन पहले सेशन में जो कुछ हुआ उसके बाद से ही ये खतरा मंडरा रहा था कि कहीं टीम इंडिया बेंगलुरु टेस्ट में घर पर सबसे छोटा स्कोर न बना डाले। फैंस का ये डर सही साबित हुआ।

## राजस्थान ने पंजाब को बीसीसीआई सीनियर वीमेन टी-20 में 3 रन से हराया

जयपुर, 17 अक्टूबर। बीसीसीआई द्वारा मंगलापुरम, त्रिवेंद्रम में आयोजित की जा रही बीसीसीआई सीनियर वीमेन टी 20 क्रिकेट प्रतियोगिता में राजस्थान - पंजाब टीमों के मध्य खेले गए मैच में खिलाडियों के शानदार प्रदर्शन की सहायता से राजस्थान ने पंजाब को 3 रनो से हराया। टीम की जीत में बल्लेबाजों के साथ गेंदबाजों ने भी पंजाब की मजबूत टीम के विरुददमदार प्रदर्शन करते हुए राजस्थान को शानदार जीत दिलाई।

**राजस्थान-पंजाब मैच का परिणाम**

**राजस्थान पारी** 119/5

टॉस जीतकर पहले खेलते हुए राजस्थान टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 119 रन बनाये। राजस्थान की बल्लेबाज बबीता मीणा, ज्योति चौधरी व कौशल्या चौधरी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम को शुरुआती झटकों से उबारा। राजस्थान की बल्लेबाज बबिता मीणा नाबाद 41, ज्योति चौधरी 38 व कौशल्या चौधरी 22 रनो का योगदान दिया। राजस्थान-हिमाचल रणजी मैच कल से धर्मशाला में खेला जायेगा।

# पाक ने इंग्लैंड को जीत के लिये दिया 297 का लक्ष्य

मुल्तान, 17 अक्टूबर। पाकिस्तान ने गुरुवार को दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन अपनी दूसरी पारी में आगा सलमान के (63) अर्द्धशतक की मदद से 221 रन बनाकर इंग्लैंड़ को जीत के लिए 297 रनों का लक्ष्य दिया था जिसके जवाब में इंग्लैंड अपनी दूसरी पारी में 36 रन पर दो विकेट खोकर संकट में फंस गया है।

दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की टीम की शुरुआत बेहद खराब रही और पहले ओवर की तीसरी गेंद पर ही साजिद खान ने बेन डकेट को शून्य पर रिजवान के हाथों कैच आउट कराकर टीम को पहली सफलता दिला दी। चौथे ओवर में नौमन अली ने जैक क्रॉली (तीन) को रिजवान के हाथों कैच आउट करा इंग्लैंड को दूसरा झटका दिया। उस समय टीम का स्कोर मात्र 11 रन था। तीसरे दिन का खेल समाप्ति पर ऑली पोप (21) तथा जो रुट (12) रनों पर नाबाद रहे। पाकिस्तान की ओर से साजिद खान तथा नौमन अली ने एक-एक विकेट लिया।

इससे पहले दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और छठें ओवर में शोएब बशीर ने अब्दुल्लाह शफीक (चार) को आउट कर इंग्लैंड को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद कप्तान शान मसूद (11) भी बशीर का शिकार बने। सईम अयूब (22) के रूप में तीसरा विकेट पर भी बशीर को मिला। कामरान गुलाम (26) को जैक लीच ने पगबाधा आउट किया। मोहम्मद रिजवान (23) रन बनाकर पांचवें विकेट के रूप में आउट हुये। चायकाल तक पाकिस्तान ने 135 के स्कोर पर अपने पांच विकेट गंवा दिये। चायकाल के बाद लीच ने 43वें ओवर में पाकिस्तान को छठा झटका दिया और सऊद शकील (31) को पगबाधा आउट कर दिया। दो ओवर बाद ही लीच ने फिर नये बल्लेबाज आमेर जमाल को एक रन पर बोल्ड आउट कर टीम को सातवीं सफलता दिलाई। इसके बाद नौमन अली (1) को बशीर ने स्टोक्स के हाथों के कैच आउट कराया।

### भारत-पाकिस्तान क्रिकेट संबंधों को बेहतर बनाने के तरीकों पर चर्चा

# पाक के विदेश मंत्री से दो बार जयशंकर ने की मुलाकात

नई दिल्ली, 17 अक्टूबर। विदेश मंत्री एस जयशंकर और उनके पाकिस्तानी समकक्ष इशाक डार के बीच मंगलवार शाम से दो मौकों पर अनौपचारिक बातचीत हुई और उनमें से एक में भारत-पाकिस्तान क्रिकेट संबंधों को बेहतर बनाने के तरीकों पर चर्चा हुई। राजनयिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह बातचीत शंघाई सहयोग संगठन के सम्मेलन के इतर हुई, लेकिन दोनों देशों के ठंडे पड़े द्विपक्षीय संबंधों में किसी तरह की नरमी आने का कोई संकेत नहीं मिला। पाकिस्तान के सूचना मंत्री अताउल्ला तरार ने कहा कि जयशंकर की इस्लामाबाद यात्रा से रिश्तों पर जमी बर्फ पिघली है।

सूत्रों ने बताया कि बुधवार शाम पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ द्वारा एससीओ प्रतिनिधियों के लिए अपने आवास पर आयोजित रात्रिभोज में जयशंकर और डार के बीच एक अलग बैठक हुई।उन्होंने बताया कि इस बैठक में पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी भी शामिल हुए और संक्षिप्त बातचीत में क्रिकेट संबंधों में सुधार पर चर्चा की गई। नकवी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष भी हैं। पता चला है कि पाकिस्तानी पक्ष ने अगले साल फरवरी में पाकिस्तान की मेजबानी में होने वाले आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट में भारत की भागीदारी का अनुरोध किया। सूत्रों ने बताया कि बुधवार को एससीओ सम्मेलन के बाद आधिकारिक भोज में जयशंकर और डार एक-दूसरे के बगल में बैठे थे और बातचीत करते हुए देखे गए, जो सकारात्मक संकेत प्रतीत होता है। उन्होंने इस बारे में विस्तार से बताने से इनकार कर दिया। एक सूत्र ने बताया कि जयशंकर और डार के साथ बैठने की व्यवस्था की गई थी। मीडिया में तरार को उद्धृत करते हुए कहा गया, "न तो हमने और न ही उन्होंने द्विपक्षीय बैठक के लिए अनुरोध किया...लेकिन मेरा मानना है कि उनका (जयशंकर का) यहां आना रिश्तों में जमी बर्फ पिघलने वाला कदम है।" पाकिस्तान के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि जयशंकर की पाकिस्तान यात्रा को लेकर कुल मिलाकर सकारात्मक माहौल बना। सम्मेलन से पहले पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शरीफ ने जयशंकर से हाथ मिलाया और शिखर सम्मेलन स्थल 'जिन्ना कन्वेंशन सेंटर' में उनका और एससीओ के अन्य सदस्य देशों के नेताओं का गर्मजोशी से स्वागत किया।

### राजमाता जीजाबाई राष्ट्रीय महिला फुटबॉल चैम्पियनशिप

## दिल्ली से ड्रॉ खेल महाराष्ट्र अगले राउंड में

जयपुर, 17 अक्टूबर। जयपुर के विद्याधर नगर स्तिथ फुटबॉल संघ के तत्वाधान में जारी राजमाता जीजाबाई राष्ट्रीय महिला फुटबॉल चैंपियनशिप का समापन ग्रुप डी के अंतिम मैच के साथ हुआ, संघ सचिव दिलीप सिंह शेखावत ने बताया कि प्लेयर ऑफ द मैच जिन्हें मुख्य अतिथि लाल सिंह झाला, पूर्व अध्यक्ष जिला फुटबॉल संघ उदयपुर द्वारा चुन्नरी एवं मोमेंटो से सम्मानित किया।।

महिला विंग चेयरपर्सन रोशनी टाक ने बताया की सांयकालीन सत्र में खेले गए अंतिम और निर्णायक मुकाबले में दिल्ली का सामना महाराष्ट्र से था, इस रोमांचक मुकाबले में मध्यांतर तक दोनों ही टीमें गोलरहित बराबरी पर रही लेकिन मध्यांतर के बाद महाराष्ट्र की 10 नंबर जर्सी आर्या ने गोल कर टीम को बढ़त दिलाई जो थोड़ी देर तक ही कायम रही और दिल्ली ने शानदार आक्रमण करते हुए गोल कर बराबरी हासिल की, दिल्ली की तरफ से देबीका ने गोल किया।प्लेयर ऑफ द मैच महाराष्ट्र की 10 नंबर जर्सी आर्या को चुना गया जिसे जयपुर सांसद मंजू शर्मा, आरएसएस प्रचारक रामप्रसाद जी भाईसाब, संदीप अग्रवाल, आरएसएस, विट्ठल माहेश्वरी, प्रो. अमेरिका सिंह, दिलीप सिंह शेखावत, रोशनी टाक, सुरभि मीणा द्वारा सम्मानित किया गया। राजस्थान फुटबॉल संघ की तरफ से भाग लेने वाली सभी टीमों के खिलाड़ियों, टीम प्रबंधन, मैच कमिश्नर दीपक शर्मा, रेफरी एसेसर, रेफरी को चुन्नरी, मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया।

## आर.एस. क्रिकेट अकादमी क्वार्टर फाइनल में

जयपुर, 17 अक्टूबर। रेलवे ग्राउंड गणपति नगर पर आयोजित आर के चतुर्वेदी मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में दिन का पहला मुकाबला आर एस क्रिकेट अकादमी व आर्यन क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया ।जिसमें आर एस क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 133/10 रन बनाए । जिसमें नरेंद्र सिंह तोमर व मयंक परमार ने 37-37 रन का योगदान दिया। आर्यन क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी में कुलदीप सोनी ने 5 व राहुल जाट ने 2 विकेट लिए।

# आज खेला जायेगा खिताबी मुकाबला

जयपुर, 17 अक्टूबर। सवाई मान सिंह इंडोर स्टेडियम में खेली जा रही 19वीं ऑल इंडिया स्व. हनुमान सिंह महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप में शुक्रवार को शाम 4 बजे खिताबी मुकाबला खेला जायेगा। सुबह के सत्र में सुबह 8 बजे पहला सेमीफाइनल मैच में भारतीय रेलवे का मुक़ाबला मोरसिंघी हैंडबॉल नर्सरी (हिमाचल प्रदेश) से होगा, वहीं दूसरा सेमीफाइनल मैच सुबह 9 बजे हिमाचल प्रदेश व हरियाणा के बीच खेला जायेगा। आयोजन सचिव यश प्रताप सिंह ने बताया कि गुरुवार को ग्यारह लीग मैच खेले गये जिसमें भारतीय रेलवे ने राजस्थान पुलिस को 19-11 (13-04) से, मोरसिंगी हैंडबॉल नर्सरी ने गुजरात को 24-18 (09-07) से, हिमाचल प्रदेश ने पंजाब को 17-10 (08-08) से, हरियाणा ने राजस्थान को 24-12 (15-06) से, राजस्थान पुलिस ने बिहार को 14-05 (08-02) से, गुजरात ने उत्तर प्रदेश को 16-14 (07-07) से, पंजाब ने बिहार को 15-10 (06-05) से, हरियाणा ने उत्तर प्रदेश को 26-14 (13-07) से, मोरसिंगी हैंडबॉल नर्सरी ने राजस्थान को 09-06 (06-03) से तथा हरियाणा ने गुजरात को 13-10 (05-04) से हराया। भारतीय रेलवे व हिमाचल प्रदेश के बीच मैच 18-18 (09-07) से बराबर रहा। इस अवसर पर हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के एसोसियेट वाइस प्रेसिडेंट ललित कुमार कलाल, राज्य उपभोक्ता आयोग के सदस्य जज शैलेंद्र भट्ट, हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया की तकनीकी समिति के सदस्य साईकृष्णा हटंगड़ी व हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के मीडिया प्रभारी अमित पांडे भी मौजूद थे।

**राजधानी**

# जयपुर में 20 से ज्यादा यूनिवर्सिटी की 700 से अधिक फर्जी मार्कशीट और डिग्रियां जब्त

### प्रताप नगर पुलिस ने दो ई-मित्र सेंटरों पर छापेमारी कर इस गोरखधंधे का भंडाफोड़ किया

**-कार्यालय संवाददाता-**

**जयपुर।** प्रताप नगर इलाके में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 20 से ज्यादा यूनिवर्सिटी की 700 से ज्यादा मार्कशीट और डिग्रियां दो ई-मित्र की दुकानों से जब्त की हैं। पुलिस ने इस मामले में तीन लोगों को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस जानकारी के अनुसार यह डिग्रियां बिना परीक्षा लिए और बिना क्लास अटेंड किए फर्जी तरीके से यूनिवर्सिटी की मिलीभगत से दलालों के जरिए दी जा रही थीं। ई-मित्र सेंटर से जब्त की गई डिग्रियां कई नामी यूनिवर्सिटी की हैं। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान 29 फर्जी किरायानामा,12 चेक बुक, 14 बैंक पास बुक, 13 डेबिट-क्रेडिट कार्ड, पेटीएम मशीन, कैमरा, सात मोबाइल और 97 शपथ पत्र सहित अन्य सामान जब्त किया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। साथ ही इस मामले की गंभीरता को देखते हुए एक एसआईटी का गठन भी कर दिया है, जो कि जांच पड़ताल में जुटी है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (पश्चिम) तेजस्वनी गौतम ने बताया कि प्रताप नगर इलाके में कई यूनिवर्सिटी और शिक्षण संस्थानों की संदिग्ध मार्कशीट, सर्टिफिकेट, डिग्री, माइग्रेशन सर्टिफिकेट कुछ ई-मित्र संचालकों के द्वारा बनाई और बेचे जाने की जानकारी पुलिस को लगी थी। इस पर पुलिस टीम गठित कर प्रताप नगर में दो ई-मित्र संचालकों की दुकानों में छापेमारी की गई। जिस पर पुलिस टीम को संदिग्ध डिग्री मिलने के साथ-साथ कई फर्जी स्टाम्प भी मिले। इनमें बच्चों के नाम से किराए नामे भी बने हुए थे। इसके साथ ही विकास मिश्रा (39) निवासी पटना (बिहार) हाल प्रताप नगर, सत्यनारायण शर्मा (32) निवासी सांगानेर स्थित और विकास अग्रवाल (35) निवासी कोटपुतली बहरोड़ को गिरफ्तार किया गया।



पुलिस उपायुक्त जयपुर ( पश्चिम ) तेजस्वनी गौतम शुक्रवार को प्रेस से रूबरू हुई।

■ **फर्जी तरीके से यूनिवर्सिटी की मिलीभगत से दलालों के जरिए दी जा रही थी फर्जी डिग्रियां**

पुलिस उपायुक्त जयपुर (पश्चिम) ने बताया कि पहली कार्रवाई प्रताप नगर सेक्टर 8 यूनिक एजुकेशन कंसल्टेंट में की गई। यहां पुलिस ने कार्रवाई करते हुए विकास मिश्रा से 18 यूनिवर्सिटी के दस्तावेज मिले। आरोपी विकास से जानकारी में सामने आया है कि उसका एक और ऑफिस है। जो सेक्टर-8 एसएसआईटी सेंटर मेन मार्केट प्रताप नगर में है। यहां से पुलिस ने सत्यनारायण और विकास अग्रवाल को गिरफ्तार कर उनके पास से भारी मात्रा में डिग्रियां, मार्कशीट, सर्टिफिकेट, किराएनामे, चेक बुक, क्रेडिट कार्ड और डेबिट कार्ड मिलने पर दो एफआईआर दर्ज की गई।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (पश्चिम) तेजस्वनी गौतम ने बताया कि ई-मित्र की आड़ में बेरोजगार युवाओं को प्रलोभन देकर बिना परीक्षा लिए और बिना क्लास अटेंड किए फर्जी तरीके से यूनिवर्सिटी प्रशासन से मिली भगत करके डिग्रियां दलालों के माध्यम से दी जा रहीं थी। इसके बदले मोटा पैसा लिया जा रहा था।

पुलिस ने कार्रवाई के दौरान डिग्रियों के अलावा 29 किरायानामा, 12 चैक बुक, 97 शपथ पत्र, 14 बैंक पास बुक, 13 डेबिट कार्ड व क्रेडिट कार्ड, 9 नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ओपन स्कूलिंग के आईडी कार्ड, 7 मोबाइल, 1 पेटीएम मशीन, 2 डीवीआर, 1 पावर सप्लाई केस, 1 कैमरा डिजीटल, 1 राउटर, 1 सीपीयू इंटेल कंपनी, 1 मॉनिटर लेनोवो कंपनी, 2 लैपटॉप, 2 पेन ड्राइव, 1 प्रिंटर जब्त किया गया। पुलिस पूछताछ में कई चौकाने वाले खुलासे होने की संभावना है।

## मृत कर्मचारी के आश्रितों को बकाया फैमिली पेंशन देने के आदेश

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने रेलवे की ओर से मृत कर्मचारी के आश्रितों को फैमिली पेंशन की बकाया राशि नहीं देने पर रेलवे प्रशासन पर एक लाख रुपए का हर्जाना लगाया है। इसके साथ ही अदालत ने याचिकाकर्ता को पेंशन राशि देने को कहा है। जस्टिस समीर जैन ने यह आदेश लीला देवी की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

अदालत ने अपने आदेश में कहा कि प्रक्रिया की खामियों के कारण किसी के मौलिक अधिकारों को अस्वीकार नहीं किया जा सकता, खासकर तब जब पीडित व्यक्ति अशिक्षित हो। अदालत ने कहा कि जिन मामलों में पीडित व्यक्ति अशिक्षित है या उसे कानूनी औपचारिकताओं के बारे में जानकारी नहीं है, उनमें संबंधित व्यक्ति को कानून की तकनीकी जटिलताओं का शिकार नहीं बनाया जा सकता। याचिका में अधिवक्ता वेंकटेश गर्ग ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता का पति रामलाल रेलवे में साल 1965 में बाइंडर के पद पर नियुक्त हुआ था। करीब 27 साल की सेवा के बाद उसने 31 मई 1992 को स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली। वहीं दिसंबर, 2008 को उसके पति का निधन हो गया। याचिकाकर्ता के अनपढ होने के कारण उसे फैमिली पेंशन की जानकारी नहीं थी। ऐसे में इस प्रावधान की जानकारी मिलने पर उसने वर्ष 2012 में फैमिली पेंशन के लिए आवेदन किया, जिसे रेलवे ने यह कहते हुए खारिज कर दिया कि याचिकाकर्ता की ओर से दिए गए पत्र में वह मृतक की नॉमिनी नहीं है। जिसे चुनौती देते हुए कहा गया कि याचिकाकर्ता के पति ने वर्ष 1977 में रेलवे कर्मचारी बीमा योजना में याचिकाकर्ता और उसकी दोनों बेटियों को नॉमिनी दर्शाया गया था। याचिकाकर्ता ने वर्ष 2015 में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र हासिल करने के बाद उसे आंशिक भुगतान भी किया गया। दोनों पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने याचिकाकर्ता को बकाया फैमिली पेंशन देने के आदेश देते हुए रेलवे पर एक लाख रुपए का हर्जाना लगाया है।

## भाजपा में उपचुनाव की रणनीति तैयार, कांग्रेस के सामने सीट बचाने की चुनौती : मदन राठौड़

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस पार्टी तुष्टिकरण की राजनीति कर वोट बैंक को साधने का काम करती है, जबकि कांग्रेस ने आज तक अल्पसंख्यक वर्ग के जीवन स्तर को सुधारने के लिए कोई काम नहीं किया। जबकि भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीन तलाक को समाप्त कर अल्पसंख्यक बहनों के सम्मान की रक्षा की, तो दूसरी ओर करीबन 2 करोड़ से अधिक आवास अल्पसंख्यक वर्ग के लोगों को दिए। ऐसे में एक ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी है जो देश की 140 करोड़ जनता को अपना परिवार मानते है, तो दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी है जिसने अल्पसंख्यक वर्ग का कभी भला नहीं किया, लेकिन दुरूपयोग हमेशा ही किया।राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस ने भ्रम फैलाया कि ये संविधान खत्म कर देंगे, आरक्षण समाप्त कर देंगे, लेकिन भाजपा ने छेड़ा तक नहीं। कांग्रेस देश और समाज को तोड़ने का काम करती है, लेकिन दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी है जो "सर्वे भवंतु सुखिने.." की भावना के साथ सभी के विकास और हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य कर रहे है। ऐसे में समाज को तोड़ने वालों को अब जनता ठुकरा रही है। राजस्थान विधानसभा के बाद हरियाणा में जनता ने कांग्रेस को सबक सिखाया तो जम्मू-कश्मीर में भी भाजपा का जनाधार बढ़ा है। ऐसे में अब प्रदेश के उपचुनावों में भी जनता कांग्रेस को सबक सिखाने का कार्य करेगी। उपचुनाव कांग्रेस के लिए चुनौति है, कांग्रेसी नेताओं को अपनी सीट बचाने के लिए कोशिश करनी चाहिए। भाजपा कांग्रेस से उनकी सीट छीनेगी।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सुदृढ़ संगठन है, यहां उपचुनावों की पूरी तैयारी कर ली गई है। केंद्रीय योजनाओं के साथ प्रदेश सरकार के कार्यों को लेकर जनता के बीच जाएंगे और मुझे पूर्ण विश्वास है कि जनता उपचुनावों में भी कमल खिलाएंगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डबल इंजन सरकार ने एमएसपी बढ़ाकर किसानों की आय बढ़ाने का काम किया तो रसोई गैस सिलेंडर, पेट्रोल-डीजल की रेट कम की, बिजली उत्पादन से लेकर वितरण तक की व्यवस्था में सुधार किया।

## कालवाड़ सरकारी कॉलेज में सेशन शुरू

**जयपुर।** कैबिनेट मंत्री और झोटवाड़ा विधायक कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने एक बार फिर अपना वादा निभाया है, जिससे झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्रवासियों में ख़ुशी की लहर दौड़ पड़ी। कैबिनेट मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ के प्रयास रंग लाए हैं और कालवाड़ में सरकारी कॉलेज में प्रथम सत्र में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं की ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया के बाद अब सेशन शुरू हो चुका है।

## पूर्व सांसद रामचरण बोहरा ने महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा का अनावरण किया

**जयपुर।** गुरुवार को वाल्मीकि जयंती के अवसर पर किशनपोल विधानसभा क्षेत्र के बालानन्द के रास्ते में वाल्मीकि की प्रतिमा के अनावरण एवं तत्कालीन सांसद रामचरण बोहरा के सांसद कोष से निर्मित विद्यालय भवन के पुनर्निर्माण कार्य के लोकार्पण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। पूर्व सांसद बोहरा द्वारा विद्यालय भवन के पुनर्निर्माण कार्य के लिए अपने सांसद कोष से 20 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई थी। जिसका लोकार्पण पूर्व सांसद रामचरण बोहरा, वर्तमान सांसद मंजू शर्मा एवं जयपुर नगर निगम हेरिटेज की महापौर कुसुम यादव ने किया। रामचरण बोहरा ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि का जीवन हमें सिखाता है कि परिवर्तन और ज्ञान प्राप्ति के मार्ग पर चलना हमेशा संभव है चाहे हमारी शुरुआत कैसी भी रही हो।

आज इस विद्यालय के भवन के नव निर्माण होने से यहां पढ़ने वाले विद्यार्थियों को सुविधाएं मिलेगी शिक्षा का हमारे जीवन में बहुत अहम योगदान है हम शिक्षित राष्ट्र का निर्माण करके ही विकसित भारत की परिकल्पना साकार कर सकते हैं। इस दौरान पूर्व महापौर ज्योति खंडेलवाल, मंडल अध्यक्ष हेमंत चौहान, नंदकिशोर दंडोरिया, मनोज चौहान सहित स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# नायब सैनी ने 13 मंत्रियों के साथ शपथ ली

■ समारोह में प्रधानमंत्री मोदी के साथ केन्द्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह, गडकरी, नड्डा, मनोहर लाल, धर्मेन्द्र प्रधान, पासवान, जीतन राम माझी व राजीव रंजन सिंह मौजूद रहे।

पंचकुला, 17 अक्टूबर। हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने नायब सिंह सैनी को लगातार दूसरी बार गुरुवार को हरियाणा के मुख्यमंत्री के तौर पर पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर 11 कैबिनेट मंत्रियों और दो राज्य मंत्रियों ने शपथ ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी इस अवसर पर मौजूद थे।

नवनियुक्त कैबिनेट मंत्रियों में अनिल विज, कृष्ण लाल पंवार, राव नरबीर सिंह, महिपाल ढ ांडा, विपुल गोयल, डॉ अरविंद कुमार शर्मा, श्याम सिंह राणा, रणबीर गंगवा, कृष्ण कुमार बेदी, श्रुति चौधरी तथा आरती सिंह राव शामिल हैं।

इनके अलावा, राजेश नागर तथा गौरव गौतम ने राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के रूप में शपथ ली।

दशहरा मैदान पर आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, ऊर्जा एवं आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, खाद्य प्रसंस्करण मंत्री चिराग पासवान, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्री जीतनराम मांझी तथा अन्य केन्द्रीय मंत्रियों ने शिरकत की।

समारोह में पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया, गुजरात के आचार्य देवव्रत, हिमाचल प्रदेश के शिव प्रताप शुक्ला, पश्चिम बंगाल के सी. वी. आनंद बोस, दिल्ली के लेफ्टिनेंट गवर्नर विनय कुमार सक्सेना भी मौजूद रहे।

शपथ ग्रहण समारोह में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ, अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू, असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, मणिपुर के मुख्यमंत्री नोंगथोम्बम बीरेन सिंह, मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा, नागालैंड के मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो, ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी, सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग (गोले), त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ. माणिक साहा तथा उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के अलावा भाजपा शासित राज्यों के उप मुख्यमंत्री भी मौजूद थे।

## बिहार में ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

जानकारी लेकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डी.जी.पी. ने मीडिया को बताया कि घटना के बाद दो स्पैशल इन्वैस्टिगेटिंग टीम गठित की गई हैं।

एक सैटअप स्थानीय स्तर पर अपराधिक तत्वों के लिप्त होने का पता लगाएगा तथा दूसरी एस.आई.ई.टी. इस घटना व इससे पहले हुई घटनाओं की जांच करेगी। उसके आधार पर एक्शन प्लान बनाया जाएगा।

एक लिकर माफिया का नाम सामने आ रहा है, जो पहले भी ऐसे कांड में लिप्त रहा है। राज्य के शराबबंदी मंत्री रत्नेश साडा ने कहा था कि क्राइम कंट्रोल एक्ट लगाकर शराब माफिया को खत्म कर देंगे, पर पत्रकारों ने उनसे पूछा कि क्या यह घटना उस कानून की विफलता नहीं है, तो मंत्री महोदय भड़क गए और कहा कि "मूर्खों जैसी बात मत करो। मैं अपने घर के अंदर कुछ करता हूँ तो स्थानीय पुलिस थाने को इसका पता कैसे लगेगा कि मैं क्या करने वाला हूँ।"

नीतीश कुमार जो बिहार के सबसे लम्बे समय तक पद पर रहने वाले मुख्यमंत्री है - ने लोगों से कहा कि वे उन लोगों के प्रति सचेत रहें, जो आम जनता को शराब पीने के लिए उकसाते हैं।

## महाराष्ट्र में विपक्षी दलों की अधिकांश सीटों पर सहमति बनी

■ महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष के अनुसार 263 सीटों पर सहमति हो चुकी है, मात्र 25 सीटों पर चर्चा बाकी है।

मुबंई, 17 अक्टूबर। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की तारीख की घोषणा हो चुकी है। महाराष्ट्र में एक चरण में मतदान का आयोजन किया जाएगा। 20 नवंबर को मतदान होगा और 23 नवंबर को वोटों की गिनती का जाएगी। इस बीच महाविकास अघाड़ी में सीट शेयरिंग का पेंच अब भी फंसा हुआ है। इसी मामले में आज महाविकास अघाड़ी की बैठक बुलाई गई, जो अब खत्म हो चुकी है। कल महाविकास अघाड़ी का प्रतिनिधिमंडल चुनाव आयोग से मिलेगा। बता दें कि यह प्रतिनिधिमंडल चुनाव आयोग की तैयारियों से जुड़े कुछ सवालों को लेकर मुलाकात करेगा। आज की बैठक को लेकर एन.सी.पी. शरद पवार गुट के नेता अनिल देशमुख ने बयान दिया है।अनिल देशमुख ने कहा कि महाविकास अघाड़ी में सिर्फ 10 फीसदी सीटों पर ही चर्चा बाकी है।

## बी.सी.आर. व बार...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

क्या प्रावधान किए गए हैं।

मुख्य न्यायाधीश एम.एम. श्रीवास्तव व जस्टिस गणेश राम मीना की खंडपीठ ने यह आदेश अधिवक्ता हेमा तिवाडी की जनहित याचिका पर दिए। याचिका में कहा गया था कि नारी शक्ति वंदन अभियान-2023 के तहत महिला आरक्षण अधिनियम लाया गया। जिसके तहत संसद में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण का लाभ दिया गया। वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने गत 26 सितंबर को अदिति चौधरी बनाम बार कौंसिल ऑफ दिल्ली व अन्य के मामले में बार कौंसिल ऑफ दिल्ली को निर्देश दिया कि वह बार कौंसिल के चुनावों में महिला अधिवक्ताओं के लिए भी 33 फीसदी सीट आरक्षित रखें।

इस संबंध में याचिकाकर्ता ने भी बी.सी.आर. को महिला अधिवक्ताओं को 33 फीसदी आरक्षण देने के लिए 28 अगस्त को प्रतिवेदन दिया था, लेकिन उसके प्रतिवेदन पर कोई कार्रवाई नहीं हुई, जबकि देश में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के पद पर महिला नियुक्त हो चुकी हैं, लेकिन बी.सी.आर. में चेयरमैन व वाइस चेयरमैन के पद पर कभी भी कोई महिला नियुक्त नहीं हुई। इसलिए बी.सी.आर., हाईकोर्ट बार एसोसिएशन जयपुर व जोधपुर सहित, अन्य जिला बार एसोसिएशनों में भी महिलाओं को उचित प्रतिनिधित्व देते हुए 33 फीसदी आरक्षण का लाभ दिया जाए। याचिका पर सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने बार कौंसिल सहित संबंधित एसोसिएशनों से जवाब मांगा है।

## न्यायमूर्ति संजीव...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

में दिल्ली उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया और एक साल बाद यहां स्थायी न्यायाधीश के तौर पर पदोन्नत किया गया था।

परंपरा है कि मौजूदा सी.जे.आई. अपने उत्तराधिकारी के नाम की सिफारिश तभी करते हैं, जब उन्हें कानून मंत्रालय से ऐसा करने का आग्रह किया जाता है।

सी.जे.आई. चंद्रचूड़ के बाद वरिष्ठता सूची में जस्टिस संजीव खन्ना का नाम है। इसलिए जस्टिस खन्ना का नाम आगे बढ़ ाया गया है, हालांकि, उनका कार्यकाल सिर्फ 6 महीने का होगा।

64 साल के जस्टिस खन्ना 13 मई 2025 को रिटायर होंगे। सुप्रीम कोर्ट जज के तौर पर जस्टिस खन्ना ने 65 फैसले लिखे हैं। इस दौरान वे करीब 275 बेंचों का हिस्सा रहे हैं।

## शेख हसीना के खिलाफ अरैस्ट वॉरंट जारी

■ बांग्लादेश के इन्टरनेशनल क्रिमिनल ट्रिब्यूनल ने बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना तथा 45 अन्य के खिलाफ गिरफ्तारी का वॉरंट जारी किया है।

नई दिल्ली, 17 अक्टूबर। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ बांग्लादेश के इंटरनेशनल क्रिमिनल ट्रिब्यूनल ने वारंट जारी कर दिया दिया है। बांग्लादेश में हुए हिंसक छात्र आंदोलन के दौरान मानवता के विरुद्ध अपराध के आरोप के तहत, पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना और अन्य 45 लोगों के खिलाफ गिरफ्तारी का वारंट जारी किया गया है। हसीना को 18 नवंबर तक ट्रिब्यूनल के सामने पेश होना है।

ऐसे में अब बड़ा सवाल भारत की प्रतिक्रिया को लेकर है। ये देखना होगा कि भारत इस मामले में अगला कदम क्या उठाता है। हसीना फिलहाल भारत में शरण लिए हुए हैं।

## कोटा में ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

किराए पर रह रहा था, उसी मकान में उसकी बुआ की लड़की भी रहती थी। बुधवार रात को 8.30 बजे जब वह आशुतोष को खाने के लिए बुलाने गई, तब उसे पूरे घटनाक्रम का पता चला। इसके बाद उसने पीजी मालिक को इन्फॉर्म किया। बाद में पुलिस भी मौके पर पहुंची। बताया गया कि छात्र तीसरी बार नीट यूजी की परीक्षा की तैयारी कर रहा था। उसने बीते साल 2023 में भी कोटा में रहकर तैयारी की थी। इस साल भी वह चार-पांच महीने पहले ही कोटा आया था। जिस पीजी में छात्र आशुतोष रहता था, उसमें सुसाइड प्रिवेंशन रॉड (एंटी हैंगिंग डिवाइस) नहीं थी, जबकि जिला प्रशासन ने सभी हॉस्टल्स और पीजी संचालकों को यह डिवाइस लगाने के निर्देश दिए हुए हैं। प्रशासन ने यह भी दावा किया था कि वह हर एरिया का सर्वे करवाएगा। हर पीजी व हॉस्टल की जांच भी करवाई जाएगी, लेकिन ऐसा नहीं हो पाया है।

## भारत के ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

लगातार इनकार करता रहा है। भारत का कहना है कि उसका नाम अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर खराब करने के लिए कैनडा ने यह आरोप लगाया था। भारत के पूर्व राजदूत अजय बिसारिया ने कहा कि ट्रूडो के बदले रुख से भारत को दोनो देशों के बीच रचनात्मक संवाद बढ़ाने का अवसर मिला है।

ट्रूडो के पीछे हटने से अमेरिकन प्रभाव के बारे में सवाल पूछे जा रहे हैं। इससे अन्तर्राष्ट्रीय सम्बंधों की जटिलता भी पता लगती है। इस प्रकरण का कैनडा और भारत पर असर पड़ेगा। पर इससे ट्रूडो कमज़ोर होंगे या मजबूत यह देखा जाना बाकी है।

# सुप्रीम कोर्ट ने नागरिकता अधिनियम की धारा 6ए की वैधता बरकरार रखी

**उच्चतम न्यायालय ने फैसले में कहा, धारा 6ए अवैध प्रवास का विधायी समाधान है**

■ नागरिक अधिनियम 1955 की धारा 6ए के तहत जो लोग 1 जनवरी 1966 तथा 25 मार्च 1971 के बीच भारत में प्रवेश कर चुके हैं, उन्हें भारत के नागरिक के रुप में खुद को पंजीकृत करने की अनुमति है।

नयी दिल्ली, 17 अक्टूबर। उच्चतम न्यायालय ने नागरिकता अधिनियम 1955 की धारा 6-ए की संवैधानिक वैधता बरकरार रखते हुए इसे चुनौती देने वाली याचिका गुरुवार को बहुमत के फैसले से खारिज कर दी।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति सूर्य कांत, न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की संविधान पीठ ने 4:1 के बहुमत से कानूनी प्रावधान को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज कर दिया। न्यायमूर्ति पारदीवाला ने बहुमत के विचार से असहमति जताई।

मुख्य न्यायाधीश ने फैसले का अंश पढ़ ते हुए कहा कि प्रावधान के उद्देश्य को बंगलादेश युद्ध के बाद की पृष्ठभूमि में समझा जाना चाहिए। संविधान पीठ की ओर से उन्होंने कहा कि असम समझौता अवैध प्रवास की समस्या का राजनीतिक समाधान था और धारा 6ए विधायी समाधान है। उन्होंने कहा कि धारा 6-ए मानवीय चिंताओं और स्थानीय आबादी की सुरक्षा की आवश्यकता के बीच संतुलन बनाने के लिए लागू की गई थी।

## रेल आरक्षण...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

रद्द करने की अनुमति होगी। ताज एक्सप्रेस, गोमती एक्सप्रेस आदि जैसी कुछ दिन के समय चलने वाली एक्सप्रेस ट्रेनों के मामले में कोई बदलाव नहीं होगा, जहां वर्तमान में अग्रिम आरक्षण के लिए कम समय सीमा लागू है। विदेशी पर्यटकों के लिए 365 दिनों की सीमा के मामले में भी कोई बदलाव नहीं होगा।

सूत्रों के अनुसार, ए.आर.पी. को 60 दिन करने का फैसला इसलिए लिया गया है, ताकि अनुरक्षण कार्य के लिए प्लानिंग में आसानी हो। 120 दिन के ए.आर.पी. में यात्री कम और दलाल ज्यादा बुकिंग करते हैं। इस दौरान अक्सर देखा गया है कि यात्री यात्रा नहीं करते हैं और टिकट रद्द करना भूल जाते हैं। इससे जरूरतमंद यात्रियों को सीटें उपलब्ध नहीं हो पाती हैं। सूत्रों ने कहा कि पहले ए.आर.पी. 60 दिन का ही था। इसको 120 दिन करने का फैसला 31 मई 2020 को किया गया था।

## लंदन में मुख्यमंत्री का...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

(नैरोबैंड आर.एफ. मेश नेटवर्क विकसित करने में दुनिया की अग्रणी कंपनी), जे.सी.बी. (जो कंस्ट्रक्शन और इंडिस्ट्रियल उपयोग वाले वाहन बनाती है और जिसकी राजस्थान में मैनुफैक्चरिंग यूनिट है) और ट्रायम्फ मोटरसाइकिल्स (ब्रिटेन की सबसे बड़ी मोटरसाइकिल निर्माता कंपनी) के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात शामिल है।

इसके अलावा, प्रतिनिधिमंडल ने वॉण्डरलस्ट (जो इंग्लैंड की एक प्रमुख ट्रैवल पत्रिका और वेबसाइट है) के अधिकारियों के साथ भी मुलाकात की और उनसे राजस्थान को एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में बढ़ावा देने के लिए आमंत्रित किया। इसके अलावा, एक निवेशक रोड शो में हाल ही में स्वीकृत राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना (आर.आई.पी.एस.) 2024 नीति को भी लॉन्च किया जाएगा।

प्रतिनिधिमंडल आज शाम (लंदन समयानुसार) प्रवासी राजस्थानियों से मुलाकात कार्यक्रम में हिस्सा लेगा। प्रवासी राजस्थानियों को अपनी जड़ों से जोड़ने के लिए राज्य सरकार एक विशेष अभियान चला रही है। इसके तहत, अनिवासी राजस्थानी समुदाय से जुड़ने और मातृभूमि के साथ उनके संबंधों को जीवंत बनाने की कोशिशें की जा रही हैं। इसके अलावा, अनिवासी राजस्थानी समुदाय से राज्य में निवेश और नए व्यावसायिक उपक्रमों की स्थापना में सहायता करने का भी अनुरोध किया जाएगा।

मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के अलावा इंग्लैंड दौरे पर गए प्रतिनिधिमंडल में मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव (ए.सी.एस.) शिखर अग्रवाल, उद्योग विभाग और ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टमेंट्स (बी.आई.पी.) के आयुक्त रोहित गुप्ता और राजस्थान सरकार के अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं।

## महाराष्ट्र व ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

आनन्दीबेन पटेल, जो प्रधानमंत्री मोदी के नज़दीक मानी जाती हैं, को उत्तर प्रदेश के राज्यपाल पद पर पाँच साल से ज्यादा समय हो गया। जो राज्यपाल अपने पद पर तीन साल से अधिक समय से आसीन हैं, उनमें शामिल हैं- गोवा के राज्यपाल पी.एस. श्रीधरन पिल्लई, हरियाणा के राज्यपाल बंडारु दत्तात्रेय तथा तमिलनाडु के राज्यपाल आर.एन. रवि। इन पदों पर भी बदलाव संभावित है। भाजपा सूत्रों का कहना है कि राज्यपालों की फेरबदल की घोषणा महाराष्ट्र एवं झारखंड के चुनाव-परिणामों की घोषणा के बाद की जायेगी।




72198 21111 | BAJAJ SECURE | pine labs PAY LATER | HDFC BANK INSTANT CASHBACK UP TO ₹ 5 000 ON CREDIT CARDS*

*नियम और शर्तें लागू. *ऑफ़र्स केवल चुनिंदा वैरिएंट्स पर ही उपलब्ध. ऑफ़र 15 नवंबर 2024 तक ही वैध. बजाज ऑटो के पास बिना पूर्व सूचना के किसी भी या सभी ऑफ़र्स को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है. मॉडल पर निर्भर करते हुए ₹10,000 तक की *बचत में ₹5000* तक का कैशबैक और ₹5000* एचडीएफसी कार्ड कैशबैक शामिल है. स्टंट्स, एक्सपर्ट्स द्वारा प्रोफ़ेशनल सुपरविजन के तहत, आम जनता या आम रास्तों से हट कर नियंत्रित और बंद सीमित वातावरण में किए गए हैं. कृपया इन स्टंट्स की नकल करने का प्रयास न करें और हर समय ट्रैफ़िक तथा सुरक्षा नियमों का पालन करें. एमसी विशेष मॉडल्स और विशेष राज्यों में ही उपलब्ध है. अधिक जानकारी के लिए बजाज डीलर से संपर्क करें. रोड साइड सहायता अन्य पक्षों द्वारा उपलब्ध कराई जाती है और वह उनके नियम और शर्तों के अधीन होती है. कैशबैक ऑफ़र एचडीएफसी क्रेडिट कार्ड्स के ईएमआई ट्रांजेक्शन्स पर केवल पाइन लैब्स मशीन्स पर ही 15 अक्टूबर 2024 तक उपलब्ध है. ई-कॉमर्स प्लेटफ़ॉर्म्स पर ऑफ़र्स उनके नियम और शर्तों के अधीन हैं.

**Authorised Dealers for Bajaj Auto Ltd.**: Dausa DHONKARIA BAJAJ 9414035435 • Sawaimadhopur KHANDELWAL BAJAJ 9549245746• Bharatpur BHARAT BAJAJ 7062675676 • Dholpur NARAYAN BAJAJ 9116013405 **Authorised Service Centre**: • Gangapur City 9530160777• Hindaun City 9829169239 • Karauli 9414033941• Bayana 9782636250• Lalsot 9414035651 • Mahwa 9413381450• Kaman 9414401228 • Deeg 9351096829• Bari 9785926605• Kumer 7976932059• Nadbai 9887002030• Nagarfort 9001400588• Sarmathura 8058810990 • Baseri 9649712111• Rajakhera 9314531922.

राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, जी-1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौन सिटी, जिला करौली से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2008/27147 **जयपुर कार्यालय:** सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, **कोटा कार्यालय :** पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, **बीकानेर कार्यालय :** कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, **उदयपुर कार्यालय:** आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, **अजमेर कार्यालय:** राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 **जालोर कार्यालय :-** जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 **चूरू कार्यालय :** एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908